NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 232 लखनऊ, बुधवार 15 अप्रैल 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## अमित शाह, बोले- बंगाल का विभाजन नहीं, संवैधानिक समाधान होगा

एजेंसी।

दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर बंगाल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बंगाल का विभाजन किए बिना गोरखा समस्या के संवैधानिक समाधान का वादा किया है। उन्होंने क्षेत्र में एम्स, आईआईटी और राजबंशी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने जैसी कई विकास परियोजनाओं का भी आश्वासन दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का समाधान करेगी। अमित शाह ने उत्तरी



बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के 'एजेंट' हैं और वह उनकी सहमति से बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं।उन्होंने कहा, ''भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी।'' शाह ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों को आलू की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी ताकि यहां के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा, ''भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, सिंडिकेट राज का खात्मा किया जाएगा और घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा।'' राजनीति शाह ने पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को भी दोहराया कि उत्तरी बंगाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), 600 बिस्तर के कैंसर अस्पताल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईएमएम) और खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजबंशी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा और दार्जिलिंग में एक पारिस्थितिकी अनुकूल रोमांचक खेल केंद्र की स्थापना की जाएगी।

## योगी को देखने दौड़ पड़ा पूरा बंगाल, इन 5 बयानों ने पलट दिया पूरा चुनाव

संवाददाता।

लखनऊ कश्मीर हो या बंगाल मोदी योगी को देखने के लिए जन सैलाब टूट पड़ता है। इसी कड़ी में सीएम योगी ने बंगाल में ऐसे पांच बयान दिए हैं जो चुनावों का रुख बदल सकते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बड़ी मुश्किल में फंसती दिख रही हैं। पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी के बाद अब सीएम योगी ने तहलका मचा दिया है। पीएम मोदी और सीएम योगी को देखने के लिए पश्चिम बंगाल में इतनी भीड़ है कि कुर्सियां कम पड़ गई हैं। बंगाल के हिंदू पीएम मोदी और सीएम योगी को देखकर रो रहे हैं। कश्मीर हो या बंगाल मोदी योगी को देखने के लिए जन सैलाब टूट पड़ता है। इसी कड़ी में सीएम योगी ने बंगाल में ऐसे पांच बयान दिए हैं जो चुनावों का रुख बदल सकते हैं। पश्चिम



बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बड़ी मुश्किल में फंसती दिख रही हैं। पांचों बयान छोटे–छोटे हैं लेकिन आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सीएम योगी ने कहा कि आज कोलकाता का मेयर आपको चुनौती देता है। कहता है कि बंगाल की आधी आबादी उर्दू बोलेगी। यानी बांग्ला को समाप्त करना चाहते हैं। बंगाली को समाप्त करना चाहते हैं। यह इनकी टीएमसी की साजिश को सफल नहीं होने देना है। उनको बोलो जो लोग कहते हैं कि यहां उर्दू बोली जाएगी। उनको बोलो उर्दू जहां बोली जाती वहां जाओ। बंगाल में बंग ही बोली जाएगी। यहां की बहन और बेटियों के साथ यहां के नौजवानों के रोजगार के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा उत्तर प्रदेश का बुलडोजर उसको ठीक ढंग से जवाब दे देगा। यूपी का बुलडोजर केवल वह सड़क ही नहीं बनाता है। माफिया का भी इलाज करता है। और ये बुलडोजर वहीं चल सकता है जहां डबल इंजन की स्पीड हो। सीएम योगी ने कहा कि आज बंगाल की डेमोक्रेसी को चेंज किया जा रहा है। किस प्रकार की स्थितियां बंगाल में पैदा की जा रही है। मालदा, मुर्शिदाबाद, दिनाथपुर, नादिया, वीरभूमि, हावड़ा जैसे कई ऐसे जनपद हैं जहां हिंदू शून्य करने का षड्यंत्र हो रहा है। हिंदुओं को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश हो रही है। नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में है सब चंगा। जितने माफिया थे वे सब माफिया जहन्नुम की यात्रा में चले गए। ममता दीदी को राम नाम से नफरत है। रामनवमी की शोभा यात्रा नहीं निकलने देती है। नहीं निकलने देती है। दुर्गा पूजा में व्यवधान पैदा करती है। ईद के अवसर पर सरेआम गौ हत्या करने की छूट देती है।

## नोएडा प्रदर्शन पर राहुल गांधी का पीएम मोदी पर हमला, मित्रों पर नहीं, मजदूरों पर महंगाई की मार

संवाददाता।

नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। प्रदर्शन के कुछ हिस्सों में हिंसा भड़की और आगजनी व तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाया। राहुल ने श्रमिकों की मांग का समर्थन करते हुए ट्विटर पर एक लंबा पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने मोदी सरकार द्वारा उनकी मांगों को नजरअंदाज करने की कड़ी आलोचना की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कारखाना श्रमिकों का समर्थन किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सोमवार को नोएडा में जो हुआ वह देश के श्रमिकों की अंतिम पुकार थी। नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। प्रदर्शन के कुछ हिस्सों में हिंसा भड़की और आगजनी व तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं जिसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस





ने स्थिति को नियंत्रण में लाया। राहुल ने श्रमिकों की मांग का समर्थन करते हुए ट्विटर पर एक लंबा पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने मोदी सरकार द्वारा उनकी मांगों को नजरअंदाज करने की कड़ी आलोचना की।राहुल ने लिखा कि कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो इस देश के श्रमिकों की आखघ्रिी चीखघ थी – जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते–मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की घ्12,000 महीने की तनख्वाह,घ्4,000–7,000 किराया। जब तक घ्300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक घ्500 सालाना किराया बढ़ा देता है। तनख्वाह बढ़ने तक ये बेलगाम महंगाई जिंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज की गहराई में डुबा देती है – यही है विकसित भारत का सच। एक महिला मजदूर ने कहा गैस के दाम बढ़ते हैं, पर हमारी तनख्वाह नहीं।" इन लोगों ने शायद इस गैस संकट के दौरान अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए घ्5000 का भी सिलेंडर खरीदा होगा। यह सिर्फ नोएडा की बात नहीं है। और यह सिर्फ भारत की भी बात नहीं है। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं – पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से सप्लाई चेन टूट गई है। मगर, अमेरिका के टैरिफ वॉर, वैश्विक महंगाई, टूटती सप्लाई चेन – इसका बोझ डवकप जी के "मित्र" उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा। इसकी सबसे बड़ी मार पड़ी है उस मजदूर पर जो दिहाड़ी कमाता है, तभी रोज खाता है। वो मजदूर, जो किसी युद्ध का हिस्सा नहीं, जिसने कोई नीति नहीं बनाई – जिसने बस काम किया। चुपचाप। बिना शिकायत। और उसके बदले अपना हक मांगने पर उन्हें मिलता क्या है? दबाव और अत्याचार। एक और जरूरी मुद्दा – मोदी सरकार ने 4 लेबर कोड जल्दबाजी में बिना संवाद नवंबर, 2025 से लागू कर, काम का समय 12 घंटे तक बढ़ा दिया। जो मजदूर हर रोज 12–12 घंटे खड़े होकर काम करता है फिर भी बच्चों की स्कूल फीस कर्ज लेकर भरता है – क्या उसकी मांग गैरवाजिब है? और जो उसका हकघ हर रोज मार रहा है – वो "विकास" कर रहा है? नोएडा का मजदूर ⁄ 20,000 माँग रहा है।

## नीतीश कुमार ने बीजेपी के लिए रास्ता खोला,तेजस्वी यादव बोले- अब बिहार की सत्ता गुजरात से चलेगी

एजेंसी।

बिहार में राजनीतिक संकट के बीच नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसके बाद सम्राट चौधरी को नया मुख्यमंत्री चुना गया हैय तेजस्वी यादव ने इस घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि अब बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे पर दुख जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के इस फैसले के बाद अब बिहार की सत्ता पर श्गुजरात का राजश होगा। मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी के लिए रास्ता खोल दिया है। उन्होंने दावा किया कि जो भी



नया मुख्यमंत्री बनेगा, वह जनता की पसंद का चेहरा नहीं होगा।राजनीतितेजस्वी यादव ने अपनी बात जारी रखते हुए नीतीश कुमार की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा महात्मा गांधी का नाम लेते थे, लेकिन अब वह उन लोगों को मौका दे रहे हैं जो गांधी जी के हत्यारों की विचारधारा में विश्वास रखते हैं। तेजस्वी ने कहा, श्नीतीश कुमार नाथूराम गोडसे की विचारधारा वाली पार्टी को अवसर दे रहे हैं। वह उन लोगों को सत्ता में ला रहे हैं जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी को हमेशा अपमानित किया। मुख्यमंत्री कोई भी बने, सच यही है कि अब बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा। इसी बीच, बिहार की राजनीति में एक ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी कि सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालेंगे। नीतीश कुमार के 21 साल के शासन का अंत यह सारा घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब नीतीश कुमार ने पटना के लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) को अपना इस्तीफा सौंप दिया। नीतीश कुमार पिछले 21 वर्षों से बिहार के मुख्यमंत्री थे।

## पाटलिपुत्र को मिला नया सम्राट, 75 साल बाद राज्य में बीजेपी का सीएम

एजेंसी।

बिहार। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार प्रदेश में पहली बार बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए रास्ता बनाने बना दिया। इसी के साथ बीजेपी ने नए मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लिया है। सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए। बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर आज बड़ा दिन है। नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार प्रदेश में पहली बार बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए रास्ता बनाने बना दिया। इसी के साथ बीजेपी ने नए मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लिया है। सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए।भाजपा विधायक दल की बैठक केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य पार्टी नेता भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। बिहार के मुख्यमंत्री पद से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद बिहार भाजपा अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने जा रही है।मेरे मार्गदर्शन में चलेगी नई सरकाररू नीतीश कुमार नीतीश कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में नीतीश कुमार ने कहा आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एन०डी०ए० सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो,



महादलित हो– सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी बहुत काम किया गया है। इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पाँच वर्षों यानि 2025 से 2030 के लिए 7 निश्चय–3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केन्द्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नमन करते हैं। बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है। इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है।

## तीस लाख रुपये के गबन का आरोपी उप डाकपाल, गिरफ्तार

संवाददाता।

गोसाईंगंज–अयोध्या। एक ही परिवार के तीन लोगों को मृत दिखाकर तीस लाख रुपये गबन करने के मामले में मुख्य आरोपी महबूबगंज डाकघर के उप डाकपाल को कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गोसाईंगंज कस्बे से गिरफ्तार कर लिया। एसपीआरए बलवंत चौधरी के मुताबिक आरोपी की पहचान उप डाकपाल शिवांशु श्रीवास्तव पुत्र ओमप्रकाश निवासी बड़ा पार्क के पास आवास विकास बाराबंकी के रूप में हुई। आरोपी को चालान कर न्यायालय भेज दिया गया।एसपीआरए ने बताया कि गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के समदा गांव निवासी सगीर खां, बेटे शमशेर खां व पत्नी कैंसर जंहा ने उप डाकघर से 10जनवरी2025को तीस लाख रुपये के किसान विकास पत्र खरीदे थे।10मई को उप डाकपाल शिवांशु श्रीवास्तव ने तीनो को मृत दिखाकर किसान विकास पत्र के खातों को बंद कर रुपया नॉमिनी मुमताज जंहा के खाते में जमा दिखाया।

## नव संवत्सर मिलन महोत्सव उल्लासपूर्वक स्वामी वैद्य शाला एवं विश्व गीता संस्थान के संयुक्ततत्वावधान में द्वारका, नई दिल्ली में मनाया गया

विजडम इंडिया।

नई दिल्ली, 13 अप्रैल को स्वामी वैद्य शाला एवं विश्व गीता संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नव संवत्सर मिलन महोत्सव उल्लास के साथ स्वामी वैद्य शाला में मनाया गया। महोत्सव का प्रारंभ प्रमुख अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री तुषा शर्मा के मधुर भजन के साथ हुआ। बाद में तुषा जी के गीतों ने श्रोताओं का न केवल मन मोह लिया अपितु माहौल को आनंद से सराबोर कर दिया।




मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध समाज सेवी व दार्शनिक आचार्य माननीय राधाकृष्ण मनोड़ी, संस्थापक एवं प्रवर्तक, विश्व गीता संस्थान, विश्व हिंदू परिषद ने गीता पर बोलते हुए गीता में वर्णित कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग पर प्रकाश डाला। आचार्य मनोड़ी ने विद्यार्थियों व नवयुवकों में गीता स्वाध्याय के माध्यम से संस्कार डालने पर बल दिया। इस अवसर पर श्रीनिधि वैदिक पंचांग का लोकार्पण आचार्य एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय वैद्य व विश्व आयुर्वेद परिषद के विदेश विभाग प्रभारी डॉ. स्वामी नाथ मिश्र ने आयुर्वेद में वर्णित स्वस्थ वृत्त को जीवन में अपनाने पर बल दिया। वैद्य मिश्र ने हर व्यक्ति में गुण–कर्म देखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से स्वयं के अंदर भी गुणों का विकास होगा जबकि अवगुण ढूंढने से अवगुण ही बढ़ेगा। कोई भी व्यक्ति हो, उसमें गुण और अवगुण दोनों ही होते हैं। व्यक्ति में गुणग्राही के सिद्धांत को प्रतिपादित किया।

स्वामी वैद्यशाला के निदेशक डॉ. अवधेश पाण्डेय और प्रमुख संचालिका डॉ. शिवानी मिश्रा पाण्डेय ने मुख्य अतिथि आचार्य राधाकृष्ण मनोड़ी एवं कवयित्री तुषा शर्मा को शाल आदि भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों को संयोजक एवं संपादक श्री निधि वैदिक पंचांग श्री मुनेश द्वारा पंचांग भेंट किया गया। डॉ. अदिति श्रीवास्तव, आयुर्वेदिक फिजिशियन, स्वामी वैद्यशालाय श्री धर्म चौधरी जी, पूर्व न्यायिक अधिकारीय डॉ. भूदेव, योग विशेषज्ञ, आयुष विभाग, गुरुग्रामय श्री ज्ञानेंद्र वत्सय शाश्वत जी, सामाजिक कार्यकर्ताय रमाकांत मिश्रा जीय योगाचार्य अभिषेक मिश्राय कमलेश यादव जीय प्रणव मनोरी जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. शिवानी मिश्रा पाण्डेय ने अतिथियों सहित अपने सहयोगियों का भी आभार व्यक्त किया।

# बीबीएयू में चार दिवसीय अम्बेडकर जयंती समारोह का समापन, 'उद्यमिता से समावेशी विकास' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा 11 से 14 अप्रैल तक चार दिवसीय 'अम्बेडकर जयंती' तथा 'विश्वविद्यालय स्थापना दिवस' के अवसर पर विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल को समापन सत्र के दौरान 'उद्यमिता से समावेशी विकासरू बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दृष्टि में' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पोषण विभाग की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में दलित इंडियन चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) के फाउंडर चेयरमैन शशांक कुंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विश्वविद्यालय कुलगीत गायन के पश्चात आयोजन समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों एवं शिक्षकों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। प्रो. राज शरण शाही ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि मंच संचालन का कार्य डॉ. सूफिया अहमद ने किया।मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान ही समाज में परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी को यह चिंतन करना चाहिए कि वे किस प्रकार बाबासाहेब के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने दलितों, वंचितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया तथा संविधान के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए बाबासाहेब के संदेश "शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो" को अपनाने का आह्वान किया।राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि बाबासाहेब के जीवन से हमें कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि समाज में असमानता को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से शिक्षा को सशक्त माध्यम बनाकर समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी को अम्बेडकर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल नौकरी खोजने के बजाय युवाओं को नौकरी देने वाला बनना चाहिए, जिससे समाज और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बन सके।मुख्य वक्ता शशांक कुंवर ने डीआईसीसीआई के उद्देश्यों और कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था वंचित वर्गों के युवाओं को उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता से जुड़ी जानकारी प्रदान करती है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय में 'भीम वॉक' का आयोजन किया गया, जिसमें कुलपति ने शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ परिसर में पदयात्रा की। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग प्वाइंट एवं 'नवकल्पना' नामक सेक्शन–8 कंपनी का उद्घाटन भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान वाद–विवाद, निबंध, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, प्रश्नोत्तरी, आशु भाषण, नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं संस्कृति विभाग की ओर से नृत्य और गीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही आयोजित प्रदर्शनी में ग्रामीण उद्योग, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला एवं लोक उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

# सपा ने जिले भर में 500 से अधिक जगहों पर मनाई डा. अम्बेडकर जयंती

प्रयागराज। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके पूर्व हाईकोर्ट चौराहे पर स्थित डॉ अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

जिला कार्यालय मे कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जिसमें उपस्थित नेताओं ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने जीवनभर वंचित, शोषित और दलित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन की संयुक्त नेतृत्व मे आयोजित हुआ। इस अवसर पर एम एल सी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान आज भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, जिला अध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने समाजवादी पार्टी की विचारधारा को बाबा साहेब के सिद्धांतों के अनुरूप बताते हुए कहा कि पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय और समान अवसर के लिए संघर्ष करती रही है। वक्ताओं ने पी डीए की एकता और मजबूती के लिए हर स्तर पर कार्य करने का आह्वाहन भी किया।

प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार आज पूरे जनपद की सभी विधानसभाओं मे लगभग 500 से अधिक स्थानों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न आयोजन कर बाबा साहब के संघर्षो, विचारों एवं सिद्धांतों पर व्यापक चर्चा करते हुए सामाजिक न्याय के राज की स्थापना का संकल्प लिया।कोरांव विधानसभा के बेलवरिया एवं पचेड़ा मे मूर्ति लगाने की तैयारी की गई थी जिसे स्थानीय प्रशासन ने मूर्ति स्थल के जमीन का हवाला देते हुए मूर्ति लगाने से मना कर दिया। विधानसभा बारा के डेरा बारी मे उपेंद्र चौधरी द्वारा ही बाबा साहब की मूर्ति स्थापित हो पाई जिसका अनावरण डिप्टी सालिसीटर जनरल शिव कुमार पाल एवं एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, राजू पासी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी आदि ने किया। इसी तरह मेजा के भड़ेवरा मे सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे आयोजन कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, बासुदेव यादव , पंधारी यादव, अमर नाथ मौर्य, कृष्ण मूर्ति सिंह, रविन्द्र यादव एडवोकेट, कमला यादव, हाजी परवेज अहमद, संदीप यादव, दान बहादुर मधुर, मो शारिक, आर एन यादव, डॉ राजेश, तारिक सईद अज्जू, महबूब उस्मानी, त्रिपाठी, रमाकांत पटेल, आदि सहित बड़ी संख्या मे पार्टी के नेता एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# बदला आग लगने की घटनाओं का स्वरूप, बदली अग्नि शमन विभाग की रणनीति

प्रयागराज। मौसम विभाग की तरफ से तापमान में बढ़ोत्तरी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। गर्मी के दिनों में आमतौर पर आग लगने की घटनाओं में हर साल मामले सामने आने को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने इससे निपटने के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रयागराज में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में इसे लेकर त्रिस्तरीय तैयारियां की गई हैं। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के आयोजन से इसे और गति दी जा रही है।मौसम विभाग की तरफ से तेज गर्मी की चेतावनी जारी कर दी गई है। तापमान बढ़ने के साथ तेज हवाओं से हर साल आग लगने की घटनाओं में आने वाली बढ़ोत्तरी को देखते हुए अग्नि शमन विभाग एक्शन मोड पर है। प्रयागराज के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा का कहना है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से आग लगने की घटनाओं की फायर कॉल में तेजी आई है। औसतन प्रतिदिन 20 फायर कॉल आ रही हैं जिनके रेस्क्यू के लिए विभाग अलर्ट है। जिले में इस साल 1 जनवरी से अप्रैल तक आग लगने की घटनाएं सामने आया है जिसमें को राहत पहुंचाई गई है। उत्तर प्रदेश में आग की घटनाओं का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। आम तौर प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में इसमें बढ़ोत्तरी देखी जा रही है तो ग्रामीण इलाकों में उतार चढ़ाव है कमोवेश यही स्थिति प्रयागराज जिले की भी है। सीएफओ प्रयागराज चंद्र मोहन शर्मा बताते हैं कि जिले में 01 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक 1915 फायर कॉल आई और 389 रेस्क्यू कॉल आई। इस तरह जनपद में पिछले साल 2304 आग लगने की घटनाएं दर्ज की गई है। इस अवधि में अग्नि शमन विभाग ने 162 व्यक्तियों और 317 पशुओं को आग से बचाया। इसी तरह इस साल 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक आग लगने की 452 घटनाएं हो चुकी हैं।

# हजरतगंज में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, कांग्रेस कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित

लखनऊ(आरएनएस )। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने राजधानी के हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि इसके बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में अजय राय की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कंट्रोल रूम के प्रभारी विजय बहादुर ने किया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है, जिससे प्रत्येक नागरिक को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो कार्य किए, वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जो कार्य बाबा साहब ने किए थे, उसी दिशा में राहुल गांधी कार्य कर रहे हैं।गोष्ठी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के चेयरमैन एच.एल. दुसाध ने कहा कि राहुल गांधी का दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों के लिए किया जा रहा संघर्ष प्रेरणादायी है। पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, अनीस अंसारी, डॉ. लालती देवी, प्रो. आर.बी. बौद्ध, आसिफ रिजवी, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. अमित राय, सलमान बशर और नरेश वाल्मीकि सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा निर्मित संविधान की महत्ता पर चर्चा की।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रदेश ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।इसके अतिरिक्त बाबा साहब की जयंती के अवसर पर ऑक्सीजनमैन फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता राजेश जायसवाल द्वारा गोमती नगर स्थित अंबेडकर पार्क के सामने भंडारे का आयोजन किया गया।

# मनाई गई डा. अंबेडकर की जयंती, आयोजित हुआ भीम भोज

प्रयागराज। एस.सी.ध्एस.टी. कल्याण संघ द्वारा 14 अप्रैल को श्रुति सभागार में बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता, आयोजन समिति के अध्यक्ष हरीश जयंत, सचिव मंजू सिंह, मुख्य अतिथि धीरेंद्र सिंह सचान, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर एन.के. गौतम, विशेष अतिथि डॉ. एम. रवि कुमार विजेंदेला, मुख्य वक्ता एवं नेशनल जनमत के संपादक नीरज पटेल, एडीजे गुनेन्द्र प्रकाश, एडीजे रायबरेली पल्लवी प्रकाश, आईएएस रिंकू सिंह राही सहित अरविंद कुमार, ब्रजमोहन सिंह, मनोज कुमार वर्मा, मंजू लता राव, अमर नाथ, पवन सम्राट, राम दुलार, मोती लाल, सुनील कुमार, ललित कुमार मोघा, सविता वर्मा, सुखलेस कुमारी, वीर बहादुर बौद्ध, नवरत्न सिंह, भूपेंद्र विक्रम सिंह, राम लखन, राज कुमार, सीमा जी, लता सचान, धर्मेश कुमार, जितेंद्र कुमार, डॉ. राम नवल, एस.के. पदम, डॉ. अरुणा भारती समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने जीवनभर जातिवाद, छुआछूत और असमानता को खत्म कर संवैधानिक अधिकारों के जरिए दलितों, महिलाओं और पिछड़ों को समानता, शिक्षा और सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को संपत्ति, तलाक और गोद लेने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम में आठ से अठारह वर्ष तक के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। समिति ने सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया।

# संभव" प्रणाली से ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की व्यापक जनसुनवाई, कई अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ, (आरएनएस )। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने देर रात जनपद मऊ के बहुउद्देशीय भवन मंगलम में "संभव" ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली के माध्यम से व्यापक जनसुनवाई कर पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस जनसुनवाई में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुड़े 100 से अधिक शिकायतकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं ने सीधे मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।संभव" प्रणाली के माध्यम से शिकायतकर्ता और अधिकारी आमने–सामने जुड़ते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ने के साथ समस्याओं के समाधान में होने वाला अनावश्यक विलंब समाप्त होता है। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनसुनवाई के दौरान कई गंभीर मामलों में त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बाराबंकी में अत्यधिक राशि का गलत एस्टीमेट बनाए जाने के मामले में संबंधित लाइनमैन को हटाने, जेई को तत्काल निलंबित करने तथा अधिशासी अभियंता के विरुद्ध नियम 10 के तहत कार्रवाई एवं स्थानांतरण के निर्देश दिए गए। आजमगढ़, बरेली, आगरा सहित अन्य जनपदों में भी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।महाराजगंज में एस्टीमेट जमा करने के बावजूद विद्युत कनेक्शन न देने पर संबंधित अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। वहीं बरेली और मेरठ के मामलों में उपभोक्ताओं को समयबद्ध सेवाएं देने को विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया गया। वाराणसी के वरिष्ठ पत्रकार राजेश राय के प्रकरण में विधिक राय लेकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए, जबकि उन्नाव में स्मार्ट मीटर से संबंधित बिलिंग समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए सभी उपभोक्ताओं को सही और समय पर बिल उपलब्ध कराने को कहा गया।ऊर्जा मंत्री ने झांसी, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर एवं मथुरा की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने और ठोस सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मथुरा जैसे धार्मिक एवं आस्था केंद्रों पर बिजली व्यवस्था निर्बाध एवं व्यवस्थित रहनी चाहिए।जनसुनवाई के समापन पर ए.के. शर्मा ने ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, शाम के समय अनावश्यक कटौती पूर्णतः बंद रखने तथा स्मार्ट मीटर से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ संवाद बढ़ाकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान ही विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं ने "संभव" पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में प्रभावी और भरोसेमंद मंच बताया तथा ऊर्जा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे अधेड़ की मार्ग दुर्घटना में मौत

प्रयागराज। बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे एक व्यक्ति की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया– करछना मार्ग परमंगलवार की सुबह हुई। बताया जाता है कि डंपर को ओवरटेक करने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसके बाद डंपर का पिछला पहिया अधेड़ के सिर के ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। करमा चौकी इंचार्ज राजेश राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के पकरी सेवार रामनगर निवासी 53 वर्षीय राजमणि यादव पुत्र हरिबरन यादव अपनी छोटी बेटी की शादी का कार्ड बांटने के लिए मंगलवार सुबह बाइक से निकले थे। वह अपनी बड़ी बेटी के ससुराल जारी बाजार जा रहे थे। बताया गया कि घूरपुर क्षेत्र के करमा चौकी अंतर्गत हथिगन गांव के पास डंपर को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही बाइक से बचने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान डंपर का पिछला टायर उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।राजमणि के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, छोटी बेटी की शादी 30 अप्रैल को होनी है। शादी की तैयारियों के बीच हादसे से स्वजन का रो–रोकर बुरा हाल है।

# आम आदमी पार्टी ने मनाई डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती, विचार गोष्ठी व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ,(आरएनएस ) । आम आदमी पार्टी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक स्तर पर विचार गोष्ठी, माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए। लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज को संगठित एवं जागरूक बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक समानता और अधिकार की लड़ाई अधूरी रहेगी। उन्होंने बाबा साहेब के कथन "शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पियेगा उतना दहाड़ेगा" का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर बाबा साहेब के सपनों को साकार करने का प्रयास किया है और इस मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल ने कहा कि बाबा साहेब का "शिक्षित बनो, संगठित रहो" का संदेश आज भी समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहेब ने महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों को बराबरी का अधिकार दिलाया। उनकी 135वीं जयंती पर यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक समावेशी और न्यायपूर्ण भारत का निर्माण किया जाए।प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और शिक्षा के महत्व का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर दबे–कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज भी समाज में असमानता और भेदभाव को समाप्त करने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी माध्यम बनाना होगा।लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को लोकतंत्र की जो ताकत दी, उसे कमजोर करने की साजिशें लगातार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल भावनाकृसमानता, न्याय और भाईचाराकृकी रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा। जब तक दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को उनका पूरा अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा और आम आदमी पार्टी इसे सड़क से संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी।कार्यक्रम के अंत में पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और समान अवसर पहुंचाने के लिए अपने प्रयास तेज करें।

# शहर में फायर बिग्रेड कर्मियों ने रैली निकाल कर दिया संदेश

## आग से बचाव को जागरुक किया, शहीद अग्निशमन कर्मियों को को याद किया

प्रयागराज। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के मौके पर प्रयागराज में फायर सर्विस कर्मचारियों ने शहर में जागरूकता अभियान चलाया। शहर की सड़कों पर सायरन बजाती दमकलें गुजरीं तो हर कोई देखने लगा। सुरक्षा का भरोसा दिलाने को रैली निकालने के साथ साथ फायर सर्विस कर्मचारियों ने मुंबई में शहीद हुए 66 बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने इस मौके पर रैली निकाल संदेश दिया। शहरियों में सुरक्षा का भरोसा जगाया। फायर सर्विस की अत्याधुनिक गाड़ियों का प्रदर्शन किया गया। आग से बचाव के लिए पंपलेट बांटे गए। चौराहों पर गाड़ियां रोक बताया गया कि फायर सर्विस 24 घंटे सेवा के लिए मौजूद है। उनके निर्देशों का पालन हर हाल में किया जाए। सिविल लाइंस के अलावा पुराने शहर की सड़कों पर रैली निकाली गई। फायर सर्विस के कर्मचारियों ने विभाग के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।ज्ञात हो कि हर साल 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस या शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन 1944 में मुंबई में भीषण विस्फोट में शहीद हुए 66 बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। इसमें ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निशामकों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर आग से सुरक्षा, इसके बचाव और मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को शिक्षित किया जाता है और फायर ब्रिगेड के अधिकारी आधुनिक उपकरणों और आग बुझाने की तकनीकों का प्रदर्शन करते हैं।

# गंगा में डूबे दो बालक गोताखोर दोनों को नदी में रहे तलाश

प्रयागराज। झूंसी थाना क्षेत्र में आज मंगलवार को गंगा में नहाने गए दो नाबालिग लड़के मंगलवार दोपहर गहरे पानी में डूब गए। इसका पता चलते ही जल पुलिस, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च आपरेशन शुरू किया। हालांकि अभी तक डूबने वालों का पता नहीं चल सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार झूंसी के नैका गांव निवासी 12 वर्षीय अर्पित, 10 वर्षीय लवकुश व एक अन्य बालक मंगलवार दोपहर बाग में आम तोड़ने के लिए गए थे। इसके बाद तीनों गंगा में नहाने के लिए चले गए। इसी बीच एक लड़का पानी में नहीं गया और फिर से आम तोड़ने के लिए चल दिया। जब वह लड़का बाग की तरफ जा रहा था, तभी शोर सुनकर वापस घाट की तरफ भागा। तब तक उसके दोनों साथी गंगा में डूब चुके थे। खबर मिलते ही जल पुलिस प्रभारी रविंद्र नाथ अपनी टीम और गोताखोर के साथ मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू कराई।थोड़ी देर में एसडीआरएफ भी पहुंच गई। हादसे का पता चलते ही घाट पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डा. भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव



सुल्तानपुर। अंबेडकर पार्क में विश्व रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी उदय प्रताप ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब मात्र भारतीय नेता नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए ज्ञान के अप्रतिम प्रतीक हैं और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग व विचारों को आत्मसात करने वाला व्यक्ति निश्चित ही सफलता के आसमान को छू सकता है। इस अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. पारसनाथ ने बाबा साहब के क्रांतिकारी विचारोंऔर समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं सब इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र ने आम नागरिकों को भारतीय संविधान में प्रदत्त उनके मौलिक अधिकारों एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक किया। समाजिक सरोकारों और जनसेवा को समर्पित इस भव्य आयोजन मेंसावित्री हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. जे. एल. भारती द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया और आगंतुकों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई, जबकि शुभांगी हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. राजेश गौतम द्वारा अप्रैल माह में आयोजित होने वाले निशुल्क ऑपरेशन शिविर हेतु मरीजों का पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम की आध्यात्मिक महत्ता को बढ़ाते हुए जिला कार्य अध्यक्ष शिवनाथ बौद्ध द्वारा उपस्थित जनसमूह को बुद्ध धम्म के अनुसार त्रिशरण, पंचशील का संकल्प कराया गया। जयंती के इस उपलक्ष्य में सुल्तानपुर जनपद के विभिन्न अंचलों से 200 से अधिक भव्य शोभा यात्राएंव जयंतियां गाजे–बाजे के साथ निकलीं, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचीं, जिससे पूरा नगर 'जय भीम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। अंबेडकर कल्याण समिति और 'दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया' के संयुक्त तत्वावधान मेंआयोजित इस गौरवशाली कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गौतम और धर्मराज बौद्ध की देखरेख में हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एडवोकेट कर्मेंद्र गौतम, विजय गौतम, डॉ. जयभीम, डॉ. सुरेश कुमार, रामफेर राव, हौसला भीम, एड. रामसेवक, धर्मराज बौद्ध, गया प्रसाद, और कमलेश कुमार सहित जनपद के तमाम गणमान्य व्यक्ति, प्रबुद्ध वर्ग और भारी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावांजलि दी।

# 42 लाख की लागत से सुलतानपुर के शमशान घाट का कायाकल्प

## पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने किया लोकार्पण

सुलतानपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा जनहित में एक बड़ी पहल करते हुए वार्ड सीताकुण्ड स्थित शमशान घाट का भव्य जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कराया गया। आज 14 अप्रैल 2026 को पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में इसका लोकार्पण किया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि लगभग 42 लाख रुपये की लागत से इस पुराने और जर्जर शमशान घाट को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। अब यहां आने वाले लोगों को बेहतर और सम्मानजनक सुविधाएं मिलेंगी। इस नवीनीकरण कार्य के तहत नए सीढ़ीयुक्त घाट का निर्माण, भगवान भोलेनाथ प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण, शेड एवं अन्त्येष्टि स्थल का पुनरोद्धार, स्नान घर का निर्माण, आरओ युक्त वाटर कूलर की व्यवस्था इतना ही नहीं, नगर पालिका द्वारा विद्युत संचालित मानव शवदाह गृह का प्रस्ताव भी रखा गया है, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया और अधिक सुविधाजनक व आधुनिक हो सकेगी। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. सीताशरण त्रिपाठी ने कहा कि यह शमशान घाट पहले बेहद जर्जर स्थिति में था, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी। पालिकाध्यक्ष द्वारा कराया गया यह कार्य सराहनीय है और इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए बाबा साहब के योगदान को याद किया और उनके विचारों को प्रेरणास्रोत बताया।

# अमहट में टीएमटी चौम्प्स प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया

सुलतानपुर। मंगलवार को तौहीदुल मुस्लमीन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा संचालित कक्षा चार से ग्यारह तक के छात्र छात्राओं का चौम्प्स परीक्षा का आयोजन हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर के सुपरविजन में हुसैनिया नौ तामीर अमहट सुलतानपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए हैदर अब्बास खान को सुलतानपुर का परीक्षा इंचार्ज बनाया गया है यह कार्यक्रम उनके कुशल नेतृत्व में 4वर्ष से हो रहा है। उक्त परीक्षा में अफजाल हुसैन लखनऊ की तरफ से आब्जर्वर बनाकर भेजे गये थे इस चौम्प्स परीक्षा में कुल 150 छात्र छात्राओं ने आनलाइन फार्म भरा था जिसमें से 139 ने परीक्षा दिया। उक्त परीक्षा को सफल बनाने में नकी अब्बास खान हसन अली खान कमर अब्बास खान मौलाना आसिफ नकवी फात्मा बेगम अनकबूत जहरा मंतशाबुतूल जहीन फात्मा ने सराहनीय योगदान दिया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को टैलेंटेड बनानाउनकी खूबियों को उभारना और उन्हें जागरूक बनाना जो स्टूडेन्ट्स जनपद में अच्छे नंबर पाते हैं उनको पुरस्कृत कर हर साल सम्मानित किया जाता है इस की जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।



# पाइप लाइन कार्य से उखड़ी सड़क, ग्रामीणों का प्रदर्शन

जौनपुर(आरएनएस)। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत में पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़क को खोदकर छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे खेती–किसानी, दैनिक कार्यों और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कतें हो रही हैं।ग्रामीणों ने इस समस्या की शिकायत जल जीवन मिशन के कर्मचारियों सहित क्षेत्रीय विधायक डॉ. आर.के. पटेल से की थी, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला, समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता गया। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर मलेथू से हीरापट्टी मार्ग पर प्रदर्शन करने लगे। आरोप है कि इंटरलॉकिंग सड़क को पाइप डालने के नाम पर खोद दिया गया, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। मजबूरी में कुछ ग्रामीणों ने स्वयं पहल कर गड्ढों को आंशिक रूप से भरने का प्रयास किया, लेकिन इससे भी पूरी राहत नहीं मिल सकी। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक के प्रति नाराजगी जताई। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखेंगे। राम अवध यादव, संजय यादव, राजेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, विकास, प्रवीण अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा, गूंजा 'जय भीम'

जौनपुर।(आरएनएस) सुरेरी क्षेत्र में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती क्षेत्र के भदखिन, भानपुर, सुरेरी नोनरा,पट्टीकीरतराय, करौंदी कला, समेत कई गांव में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जयंती के अवसर पर जुलूस निकाले गए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। लोग डीजे की धुन पर 'जय भीम' के गीतों पर नाचते–गाते हुए बाबा साहब के जयकारे लगाते नजर आए।जुलूस के दौरान लोगों ने बाबा साहब के झंडे हाथ में लेकर एक–दूसरे को नीला रंग लगाते हुए उत्साहपूर्वक पूरे मार्ग पर भाग लिया, जिससे माहौल पूरी तरह भीममय हो गया।

# सुलतानपुर पुलिस लाइन में अंबेडकर जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि



सुलतानपुर। भारत रत्न एवं संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन सुलतानपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई और देश को एक सशक्त संविधान प्रदान किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया। साथ ही संविधान के मूल्योंकृन्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का पालन करने पर जोर दिया। इस अवसर पर पीआरओ, आरआई समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अम्बेडकर जयंती पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, एसपी व डीएम ने किया निरीक्षण




सुलतानपुर। भारत रत्न संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जनपद सुलतानपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर चारु निगम और जिलाधिकारी सुलतानपुर कुमार हर्ष ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थलों और जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस व प्रशासनिक कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्यक्रम आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ सम्पन्न कराए जाएं तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# श्री विश्वनाथ इंटर कालेज में बाबा साहेब डा. अम्बेडकर जयंती का भव्य आयोजन

कलानध्सुल्तानपुर। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज कलान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लगभग पाँच किलोमीटर लंबी जन जागरण रैली से हुई। रैली की अगुआई बाबा साहेब अम्बेडकर, चंद्र शेखर आजाद, महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिकृतियों में सजे उत्साही बच्चों ने की। विद्यालय से प्रारंभ होकर रैली रायपुर, बीबीगंज, दनापुर तथा कलान के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए जन–जागरण का संदेश देते हुए वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सक्रिय प्रतिभाग किया। रैली के उपरांत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष सिंह, श्री संतोष त्रिपाठी, श्री ओम प्रकाश दिनकर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व तथा सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह के समापन पर सभी बच्चों में मिष्ठान्न वितरित किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहेब के आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।




# बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का योगदान अतुलनीय भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित

बाराबंकी। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समिति अमोली कला अध्यक्ष कमलेश कुमार महामंत्री रामकुमार ,रमेश चंद्र, राम शंकर ,रामराज ,राम सुमिरन उपेंद्र कुमार , व समस्त ग्रामवासी एवम् पुलिस प्रशासन के सहयोग से ग्राम अमोली कला में विशाल रैली निकाली गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का योगदान भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय एवं अतुलनीय है। श्री दीक्षित जी ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने षशिक्षित बनो, संगठित हो और राष्ट्रहित में कार्य करो श्री गौरीकांत दीक्षित जी ने कहा कि 1975 में आपातकाल लगाकर इंदिरा गांधी ने संविधान की मूल भावना को आघात पहुंचाया। नेता जी ने कहा कि बाबा साहब समान नागरिक संहिता के प्रबल समर्थक थे, लेकिन कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण कर बाबा साहब को वास्तविक सम्मान दिया है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज बाबा साहब के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समानता, एकता और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़े।



# सिरौलीगौसपुर धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती, जलालाबाद और केवलापुर में गूंजे जय भीम के नारे

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी) तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालाबाद और केवलापुर में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्राम जलालाबाद और केवलापुर में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। गाजे–बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में युवाओं और बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। श्बाबा साहब अमर रहेंश और श्जय भीमश के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने न केवल संविधान का निर्माण किया, बल्कि शोषितों और वंचितों को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार भी दिलाया।

# चूल्हे की चिंगारी से आग

जौनपुर।(आरएनएस) मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के साहोपट्टी गांव में मंगलवार को चूल्हे की चिंगारी से एक घर में आग लग गई। छोटे लाल पटेल के घर में लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।इस घटना में एक स्प्लेंडर बाइक सहित घर का अधिकांश गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।आग की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बाल्टी और पाइप के माध्यम से समरसेबल और चापाकल के पानी का उपयोग कर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया और आसपास के अन्य घरों को जलने से बचाया। ग्रामीणों के अनुसार, आग चूल्हे से निकली चिंगारी के कारण लगी थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# रैली निकाल शहीद दमकलकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर ।(आरएनएस) अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर शहीद दमकलकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और अग्निशमन विभाग ने एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से लोगों को आग से बचाव के उपायों के प्रति सचेत किया गया। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान, विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आमजन को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। इसमें आग लगने पर तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित करने, बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा ज्वलनशील वस्तुओं के प्रति सतर्कता बरतने जैसे महत्वपूर्ण संदेश शामिल थे। स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, वर्ष 1944 में मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण विस्फोट में कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए 66 दमकलकर्मियों को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर इन वीर कर्मियों के बलिदान को याद किया।ज्ञात हो कि भारत में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में एसएस फोर्ट स्टिकाइन नामक जहाज पर लगी भीषण आग और विस्फोट की घटना की याद में समर्पित है। इस घटना में 66 दमकलकर्मी शहीद हो गए थे।इस दिवस का मुख्य उद्देश्य अग्निशमन कर्मियों के साहस और बलिदान को सम्मान देना है। साथ ही, इसका लक्ष्य आम जनता को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना भी है।

# सपा ने समारोह पूर्वक मनायी अम्बेडकर जयन्ती

जौनपुर।(आरएनएस) भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा जिला कार्यालय सदर चुंगी अलफस्टीनगंज में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को "समता, समानता एवं ज्ञान दिवस" के रूप में मनाते हुए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबासाहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इससे पूर्व प्रातः अंबेडकर तिराहा स्थित अंबेडकर पार्क में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान "जय भीम", "बाबा तेरा मिशन अधूरा पीडीए समाज करेगा पूरा" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि बाबासाहब ने समाज को समता, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया और वंचित, शोषित समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" का नारा दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, हिसामुद्दीन शाह, सुशील दुबे, दीपचंद राम, श्यामबहादुर पाल, हीरालाल विश्वकर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश अहीर, अनवारूल हक गुड्डू, ऊषा जायसवाल, डॉ शबनम नाज, मालती निषाद, यादवेंद्र यादव ने संबोधित किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# रियाजुल हक को ग्लोबल एक्सीलेंट अवार्ड'

जौनपुर। (आरएनएस) वरिष्ठ पत्रकार रियाजुल हक को प्रयागराज के प्रतिष्ठित टाउन हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में पद्म श्री ग्लोबल एक्सीलेंट अवार्ड से नवाजा गया है। जीवरन फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और बेमिसाल सामाजिक सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया। उनकी पहचान केवल एक पत्रकार तक सीमित नहीं है। उन्होंने लावारिस शव इंतजामिया कमेटी का गठन कर लावारिस शवों को सम्मानजनक विदाई देने का बीड़ा उठाया है। रियाजुल हक मर्सी क्लब, जिला अपराध निरोधक कमेटी, मदर टेरेसा फाउंडेशन और सिविल डिफेंस जैसी संस्थाओं के माध्यम से भी समाज सेवा मेंयोगदान दे रहे हैं।

# अंबेडकर की जयंती पर निकाला शोभायात्रा

जौनपुर(आरएनएस)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नगर के मियांपुर मोहल्ले से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, । शोभायात्रा में बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों पर आधारित आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. लालबहादुर सिद्धार्थ ने फीता काटकर किया। इसके बाद शोभायात्रा पारंपरिक उत्साह और जयकारों के बीच विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी।शोभायात्रा में शामिल लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। पूरे मार्ग में जगह–जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। मियांपुर आंबेडकर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक थे बाबा साहेब

जौनपुर(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यालय पर और जिले के प्रत्येक बूथ पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें वह सम्मान दिया, जिसके वे हकदार थे। पीयूष गुप्ता , संदीप तिवारी , अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने बाबा साहेब का नाम तो लिया, लेकिन उन्हें हमेशा चुनाव हराने और अपमानित करने का काम किया। इसके विपरीत, भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के विचारों को नीतिगत ढांचा प्रदान किया है।

# सुरों की आशा बनकर गूंजती रहेगी आशा भोसले

आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत–साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन–जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर–लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। "अभी न जाओ छोड़ कर" जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव–विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी–हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे। 8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की




विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार–चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है।आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। "पिया तू अब तो आजा", "दम मारो दम", "चुरा लिया है तुमने", "दिल चीज क्या है" जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है। आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत–साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। लता मंगेशकर जैसी विराट विभूति की छाया में रहते हुए भी अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना उनके असाधारण व्यक्तित्व का प्रमाण है। निजी जीवन के उतार–चढ़ाव, सामाजिक आलोचनाओं और पारिवारिक जटिलताओं के बीच उन्होंने कभी अपने आत्मबल को क्षीण नहीं होने दिया। उनकी जिंदादिली, बेबाकी, हाजिरजवाबी और जीवन के प्रति उत्सवधर्मी दृष्टिकोण उन्हें केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा बनाते हैं। वे हर परिस्थिति में मुस्कराते हुए आगे बढ़ने की उस दुर्लभ कला की प्रतीक थीं, जो साधारण मनुष्यों को असाधारण बना देती है। आशाजी की प्रतिभा को तीन मुख्य संगीतकारों ने निखारा एवं संवारा, जिनमें ओ. पी.नैय्यर, रवि और आर.डी. बर्मन मुख्य है। उनका एक गीत मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, बहुत ही लोकप्रिय है, इसके लिये उन्हें नेशनल अवार्ड मिला था। आशा भोसले की आवाज में केवल स्वर नहीं, बल्कि एक दिव्य स्पंदन, एक अदृश्य करिश्मा और साधना की सिद्धि निहित थी। वह स्वर कभी शृंगार की मधुरता बनकर मन को मोह लेता, तो कभी विरह की वेदना बनकर आत्मा को छू जाता।

## सम्पादकीय

### आत्म-निरीक्षण का विषय

विदेश मंत्री एस. जयशंकर के लिए यह आत्म–निरीक्षण का विषय होना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय मसलों में आज भारत की कोई भूमिका क्यों नहीं बची है? फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों अलग–थलग नजर आया?

जब ये साफ हो गया कि प्रधानमंत्री भाग नहीं लेंगे, तो ईरान युद्ध पर बुलाई गई सर्वदलीय महज रस्म–अदायगी भर रह गई। ऐसी बैठकों की तभी अहमियत होती है, जब उनका मकसद उत्पन्न परिस्थिति पर पूरी पारदर्शिता बरतते हुए सभी पक्षों के बीच आम–सहमति बनाना होता है। ऐसा तभी हो सकता है, जब देश के शीर्ष नेता बैठक में उपस्थित रहें। और सिर्फ तभी किसी संकट काल में पूरा देश एक स्वर में बोल सकता है। बहरहाल, नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में ऐसी राष्ट्रीय एकजुटता दुर्लभ होती चली गई है। नतीजतन, सर्वदलीय बैठकें सियासी नैरेटिव को प्रचारित करने का एक और मौका बन जाती हैं।

यही हाल पश्चिम एशिया में युद्ध पर बुलाई गई बैठक का हुआ। विपक्ष ने उसे अपने इस कथानक को बल देने का अवसर बनाया कि मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलताओं ने भारतीय आवाम को गहरी मुसीबत में डाल दिया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत अप्रासंगिक होता जा रहा है। इसी सिलसिले में पाकिस्तान के मध्यस्थ बन कर उभरने की चर्चा हुई। तो उस पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हैरतअंगेज टिप्पणी की।

उन्होने कहा कि भारत पाकिस्तान की तरह दलाली नहीं कर सकता! अमेरिका ने पाकिस्तान को क्यों मध्यस्थ बनाया और ये भूमिका स्वीकार कर पाकिस्तान ने क्या जोखिम मोल लिए हैं, ये दीगर सवाल हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को दलाली बताना अपनी विदेश नीति की घोर विफलता से पैदा हुए असंतोष का ही इजहार समझा जाएगा। वरना, कोरिया युद्ध, कॉन्गो युद्ध, श्रीलंका के गृह युद्ध आदि में मध्यस्थता का भारत के बेहतरीन रिकॉर्ड रहा है। यहां तक कि यूक्रेन युद्ध में प्रधानमंत्री मोदी ने संवाद और कूटनीतिक समाधान के संदेश दोनों पक्षों को दिए। अतरू जयशंकर के लिए यह आत्म–निरीक्षण का विषय होना चाहिए कि आज अंतरराष्ट्रीय मसलों में भारत की कोई भूमिका क्यों नहीं है? बात यहीं तक नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह अलग–थलग नजर आया, वह हालिया तजुर्बा है। इन सवालों पर गौर करने के बजाय दलाल ना होने का झूठा फख्र किसी काम का नहीं है। उससे भारतीय जनमत के सिर्फ एक हिस्से को ही बहलाया जा सकता है।

### बैटल आफ बंगाल (पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव) में भाजपा और ममता की हर स्तर की लड़ाई

पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव, भारत के अन्य राज्यों के चुनावों की तरह नहीं बल्कि यह 1757 की प्लासी की लड़ाई की तरह है जब मुठ्ठी भर क्लाइव की ब्रिटिश फौज ने तीन लाख की बंगाल के नबाब सिराजुद्दौला को हरा दिया था और मीर जाफर को बंगाल का नबाब बना दिया था। वर्तमान विधानसभा चुनाव,जो कई आयामों, स्तरों, उद्देश्यों,के लिए शाम दाम, दंड से लड़ी जा रही है। पूरा राज्य बंगाल मय समाचार पत्रों, दृश्य मीडिया के दो फाड़ हो गया है।एक भाग भाजपा के साथ है तो दूसरा तृणमूल कांग्रेस के साथ है।वाकी सीपीएम, कांग्रेस दूसरे दल, केवल औपचारिक भूमिका में है। जहां तृणमूल कांग्रेस ने एस आई आर का मुद्दा उठाया है वही भाजपा 15 साल की भ्रष्टाचार, हिंसा, घुसपैठ को मुख्य मुद्दा बना रही है।294 सदस्यीय विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होने है । लेकिन भारतीय जनता पार्टी को भी समझमे आ गया है कि यह चुनाव पूरे देश से भिन्न है।बस इतना समझ लो कि भाजपा की भवानीपुर की रैली में बैंड बजा रहे दल की भी उसी रात तृणमूल के लठैत से मार मार खूनी खेल खेला।यह एक बानगी है और यह उस पार्टी के खिलाफ हो रहा है जो देश पर शासन कर रही है।पोस्टर वाला, टांगें वाला, माइक वाला जो भाजपा के काम कर रहा है उसे तृणमूल कांग्रेस का कोप का भाजन बनाना पड़ेगा।बंगाल का विधानसभा चुनाव इतना बोझिल है कि सर्वेक्षक भी हड़प्रभ है क्योंकि कोई भी मतदाता खुल कर अंकित नहीं कर रहा है।टाइम्स ऑफ इंडिया के शीतल पाल सिंह कहते हैं कि असम, केरल, पांडिचेरी की तरह मतदाता पश्चिमी बंगाल में बोल नहीं रहा है क्योंकि उसे अज्ञात भय है। संदीप घोषाल वीरभूमि में कपड़ा व्यापारी है लेकिन चुनाव की बात करने ही तैयार नहीं बस यह कहते हैं कि दीदी ही आएगा ।तुड़मूल सरकार ने लोगों को अपनी चाल में ढाल दिया है।भारतीय जनता पार्टी इस लड़ाई में सुबेदु अधिकारी को आगे कर चुनाव मैदान में है।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिलीगुड़ी सभा कर रहे हैं और उनकी सभा में इतनी भीड़ है जो बता रही है कि पश्चिमी बंगाल में ज्वाला भभक रही है।

# महिला आरक्षण विधेयक भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक शांत क्रांति

आलोचक अक्सर यह तर्क देते हैं कि आरक्षण स्वतः सशक्तिकरण में परिवर्तित नहीं हो सकता। यह चिंता उचित है, परंतु अधूरी है। लोकतंत्र में हर संरचनात्मक बदलावकृचाहे वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार हो या सत्ता का विकेंद्रीकरणकृवास्तविकता बनने से पहले विश्वास की एक छलांग की मांग करता है।महिला आरक्षण विधेयककृऔपचारिक रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023कृको अक्सर संख्याओं, कोटा और राजनीतिक गणित के संदर्भ में चर्चा किया जाता है। लेकिन सुर्खियों और विधायी शब्दजाल से परे इसमें एक से अधिक परिवर्तनकारी पहलू निहित हैरू यह एक शांत तरीके से इस बात को पुनर्परिभाषित कर रहा है कि भारतीय लोकतंत्र कैसा दिख सकता है, जब वह अपनी आधी आबादी के लिए केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता के रूप में स्थान बनाता है।राजनीति सकारात्मक दृष्टिकोण से देखें तो यह विधेयक केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं हैकृयह संस्थागत विश्वास का प्रतीक है। यह उस धारणा से बदलाव को दर्शाता है कि महिलाओं को अस्थायी सहारे की आवश्यकता है, और इस स्वीकार्यता की ओर बढ़ता है कि वे शासन व्यवस्था की मूल आधारशिला हैं।लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक–तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करके, भारत केवल ऐतिहासिक बहिष्कार को सुधार नहीं रहा है, बल्कि नेतृत्व की परिभाषा को भी विस्तृत कर रहा है।आलोचक अक्सर यह तर्क देते हैं कि आरक्षण स्वतः सशक्तिकरण में परिवर्तित नहीं हो सकता। यह चिंता उचित है, परंतु अधूरी है। लोकतंत्र में हर संरचनात्मक बदलावकृचाहे वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार हो या सत्ता का विकेंद्रीकरणकृवास्तविकता बनने से पहले विश्वास की एक छलांग की मांग करता है। महिला आरक्षण विधेयक भी इसी लोकतांत्रिक विस्तार की परंपरा का हिस्सा है। यह एक "पाइपलाइन प्रभाव" उत्पन्न करता है। आज विधानसभाओं में अधिक महिलाएं होंगी, तो कल नेतृत्व के हर स्तरकृपंचायत से संसद तककृमें उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

इसके साथ ही एक सूक्ष्म सांस्कृतिक परिवर्तन भी चल रहा है।प्रतिनिधित्व केवल प्रतीकात्मक नहीं होता। यह शिक्षाप्रद भी होता है। जब युवा लड़कियां महिलाओं को बजट पर चर्चा करते, कानून बनाते और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को निर्धारित करते हुए देखती हैं, तो महत्वाकांक्षा असाधारण नहीं रहती, बल्कि सामान्य बन जाती है। राजनीति, जिसे लंबे समय तक पुरुषों के प्रभुत्व वाले क्षेत्र के रूप में देखा गया, अब एक साझा नागरिक मंच के रूप में उभरने लगती है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सुधार शासन की अवधारणा को भी पुनर्परिभाषित करता है। भारत में स्थानीय निकायों के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि महिला नेतृत्व अक्सर स्वास्थ्य, शिक्षा, जल और सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देता हैकृजो सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करते हैं।

## आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज

आर. विमला, आईएएस

नारी शक्ति वंदन अधिनियम और भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं का न्यायोचित स्थान जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तो भारत मजबूत होता है। घर की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज तक, यह एक नए और आत्मविश्वास से भरे भारत की परिकल्पना है। कृ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत की महिलाएँ सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेयी ने बड़े–बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारतकृजो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14.4 प्रतिशत तक ही पहुँच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से मेहमान बनकर ही रह गईं।हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। संरक्षणात्मक भेदभाव के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही हैरू 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। जिन जगहों पर महिलाएँ शासन करती हैं, वहाँ पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ–सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियाँ स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार–बार निष्प्रभावी होते रहे।

वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया –

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायारू यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है।

यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक–तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप–कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थीरू अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी।

इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैंकृये वही क्षेत्र हैं, जहाँ भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक–तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म–सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुँचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था।

शपीएम उज्ज्वला योजनाय के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। मुद्रा योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनरू प्रत्येक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुजारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधायी प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति–निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगारू चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत (2047 तक एक विकसित भारत) का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुँच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहाँ सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा हैरू भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएँ न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है। इसने उस विद्वत्ता, साहस और नेतृत्व करने की इच्छाशक्ति के लिए एक संस्थागत स्थान सुनिश्चित कर दिया है, जो महिलाओं में पहले से ही मौजूद है।शौचालय की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज तक, यह मात्र एक विधायी यात्रा नहीं है। यह एक ऐसे राष्ट्र की कहानी है जिसने अंततरू पूर्णता की ओर बढ़ने का निर्णय लिया है। आधी आबादी को आखिरकार सुना गया। नजरिया साफ है। ये मुहीम जारी रहेगी।(लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं)

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे।

वृष राशि–
आज आपका दिन खास रहेगा। सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। किसी तरह की नई प्लानिंग को लेकर आप बड़ा फैसला कर सकते हैं।

कर्क राशि–
आज किसी काम के लिए आपके मन में नया विचार आएगा। ऑफिस में कार्यभार अधिक होने के कारण आज आप व्यस्त रहेंगे।

सिंह राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

कन्या राशि–
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं,

तुला राशि–
आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किस से भी बात करते समय अपना स्वभाव विनम्र रखेंगे , इससे लोग आपसे प्रभावित होंगे।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कठोर परिश्रम से अवश्य ही आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे सकते हैं। किसी जरुरी काम में आपको सफलता मिल सकती है।

धनु राशि–
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका बढ़ा हुआ मनोबल आपको किसी जरूरी काम में सफलता दिलायेगा। माता–पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी।

मकर राशि–
आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए।

कुंभ राशि–
आज का आपके लिए दिन फेवरेबल रहेगा। साथ ही कारोबार में आपको अच्छा धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है,

मीन राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप माता की पसंद की चीज गिफ्ट करेंगे आपके माता जी को भी खुशी होगी।

# भूख-हड़ताल पर डटे भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' के आगे झुका प्रशासनः भूख हड़ताल खत्म

## जनपद के नदियों, घाटों की स्वच्छता के लिये बनेगा खाका

बस्ती। जनपद में विषाक्त हो चुकी नदियों की सफाई एवं पुनर्जीवन की मांग को लेकर जारी भूख–हड़ताल ने सातवें दिन निर्णायक मोड़ ले लिया, जब भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' के दृढ़ संकल्प के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। सातवें दिन सुबह जैसे ही श्री पाण्डेय दर्जनों समर्थकों के साथ ज्ञापन देकर धरने पर बैठे, प्रशासनिक अधिकारियों का उन्हें मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान सिंचाई एवं बाढ़ खंड के अधिकारियों, सीओ सिटी एवं एसडीएम बस्ती सदर के साथ कई दौर की वार्ता हुई। अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि उनका मांग पत्र शासन व संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया है।श्री पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि 5 फरवरी को दिए गए मांग पत्र पर अब तक हुई ठोस कार्यवाही की जानकारी दी जाए। वार्ता के दौरान प्रशासन द्वारा केंद्रीय जल बोर्ड के सर्वे का उल्लेख किया गया, जिस पर श्री पाण्डेय ने बताया कि यह पूर्व में उनके प्रयासों के क्रम में पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के सहयोग से कराया गया सर्वे है, जिसकी अंतिम रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में उनके मांग के क्रम में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नदी जल को अत्यंत दूषित बताया जा चुका है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। श्री पाण्डेय के तर्कपूर्ण और दृढ़ रुख के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया कि मुख्य विकास अधिकारी सभागार में एक व्यापक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जनपद के सभी विभागों एवं सिंचाई विभाग के मण्डलीय अधिकारियों की उपस्थिति में नदी सफाई एवं पुनर्जीवन का विस्तृत खाका तैयार किया जाएगा।प्रशासन ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया जाएगा नदियों में गिर रहे नालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

# प्रशासन पर भारी पड़ रहे हैं खनन माफियाः कार्रवाई न हुई तो आन्दोलन की चेतावनी

बस्ती। सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सिंह ने बड़े बन के निकट एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि जनपद में खनन नियमों की खुले आम धज्जियां उडायी जा रही है। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बावजूद अभी तक खनन अधिकारी द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। कुछ ठेकेदार दबंगई और रिश्वत के बल पर नियम कानून तोड़ रहे हैं और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सिंह ने पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये बताया कि सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड क्षेत्र के दसिया में एक शराब फैक्ट्री का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें लगभग तीन सौ बीघे में अवैध ढंग से मिट्टी खनन कराकर पटाई खनन माफियाओं द्वारा कराया जा रहा है। मिलीभगत से सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचायी जा रही है। एक दबंग ठेकेदार पूरी व्यवस्था पर भारी पड़ रहा है और खनन अधिकारी न जाने किस प्रभाव में चुप्पी साधे हुये है। कहा कि यदि अवैध खनन पर प्रशासन ने प्रभावी रोक न लगाया तो वे आन्दोलन को बाध्य होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर निवासी पंकज सिंह ने बताया कि उनके विरूद्ध राजेश शुक्ला उर्फ बबलू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी गोबरहिया थाना पुरानी बस्ती द्वारा जो आरोप लगाये गये थे वे जांच में निराधार पाये गये।

# जलियावाला बाग के अमर शहीदों को किया नमन

बस्ती। सोमवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के महामंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बंशज वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा के संयोजन में कलेक्ट्रेट परिसर में 107 वर्ष पूर्व हुये जलियावाला बाग के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बंशज श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को बर्बरता की ऐसी पराकाष्ठा पार की गई कि आज भी दीवारों पर उसके निशान नजर आते हैं। आज भी वो निशान देखकर हर कोई सहम जाता है। यह कहानी है जलियांवाला बाग नरसंहार की, जब अंग्रेजों ने भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं। ये बात और है कि ब्रिटेन ने आज तक भारत में किए अपने इस घृणास्पद कृत्य के लिए माफी नहीं मांगी है। अंग्रेज आजादी के आंदोलन और क्रांतिकारी गतिविधियों को दबाने के नाम पर भारतीयों के मौलिक अधिकारों को खत्म करना चाहते थे। ऐसे अमर बलिदानियों को सदैव याद किया जायेगा।बीएन शुक्ल की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम में बी.के. मिश्र, आचार्य छोटेलाल वर्मा, मयंक श्रीवास्तव, अजमत अली सिद्दीकी ने कहा कि इस घटना को लगभग 107 साल हो गए हैं। लंबे वक्त से अलग–अलग मंचों से मांग उठती रही है कि ब्रिटिश सरकार जलियांवाला बाग नरसंहार के लिए लिखित में माफी मांगे, हालांकि ये अब तक नहीं हो पाया है। 13 अप्रैल 1919 को पंजाब में बैसाखी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा था। पूरा पंजाब झूम रहा था। इस दिन अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के पास स्थित जलियांवाला बाग में सभा चल रही थी। करीब 15 से 20 हजार लोग उस बाग में जमा हो गए। जनरल डायर के आदेश पर निर्दोष लोगों पर गोलियां चलवा दी गई। इसे याद करके मन सिहर जाता है।

# निपुण विद्यालय बनाने में एआरपी की भूमिका महत्वपूर्ण - सीडीओ

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बेसिक शिक्षा की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में किया गया। समीक्षा बैठक में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने बैठक को संबोधित किया। सीडीओ ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से परिषदीय विद्यालयों में व्यापक सुधार हुआ है। गत दिनों निपुण असेसमेंट के घोषित परिणाम में बड़ी संख्या में विद्यालय निपुण घोषित हुए हैं, जिसमें जनपद के सभी एआरपी का महत्वपूर्ण योगदान है। परिषदीय विद्यालयों को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी एआरपी पर है। सभी एआरपी पूरे मनोयोग से कार्य करें ताकि जो विद्यालय इस सत्र में निपुण होने से रह गए हैं वह विद्यालय आगामी सत्र में अनिवार्य रूप से निपुण हो जाएं। डायट प्राचार्य ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लगातार मिल रहे सहयोग से बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है। कहा कि इनका निरन्तर सहयोग बेसिक शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।इस दौरान रूम टू रीड कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस संस्था की सदस्य नेहा और धीरेंद्र द्वारा बच्चों की पुस्तकों तक पहुंच, गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य, भाषा समृद्ध वातावरण, निर्धारित पठन गतिविधियां, परिवार एवं सामुदायिक सहभागिता तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला गया। एसआरजी आशीष श्रीवास्तव और अंगद पाण्डेय ने स्पीक अलाउड गतिविधि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे बच्चों के भाषा कौशल, उच्चारण, आत्मविश्वास तथा सुनने–समझने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

## सफाई कर्मी की हत्या कर बोरे में मिला शव

बस्ती थाना क्षेत्र के विठलापुर गांव स्थिति नहर के माईनर में एक 40 वर्षीय सफाई कर्मी का शव बोरे में भरकर फेका मिला है। पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गई है । ग्रामीणों द्वारा घटना में हत्या की आशंका जाताई जा रही है सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे उक्त गांव के ग्रामीण गेहूं की मडई के लिए सिवान में गए थे तो देखा की गांव के बगल नहर के माईनर में एक शव फेका हुआ दिखाई दिया व्यक्ति का कमर से पैर तक दिखाई पड रहा था जब की उसका सिर जो खून से लथपथ था कमर तक बोरे में भरा हुआ था इस बात की सूचना ग्रामीणों में फैली तो लोगो का हुजूम जम गया। मौके पर पहुंचे लोगो ने मृतक व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के अकला गांव के दड़वापुर निवासी विनय वर्मा पुत्र रामफेर वर्मा (40वर्ष ) के रूप में की। जब की मृतक की हरैया विकास खंड के बरगदवा माफी गांव में सफाईकर्मी के पद तैनाती थी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष चन्दन कुमार शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रहे है

## पीडिता ने लगाया न्याय की गुहारः आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म, गर्भपात कराने और मंदिर में विवाह के बाद घर से निकाल दिये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने बेटी के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।पत्र में पीडिता ने कहा है

## बाबा साहब की जयन्ती पर सचिन कुमार ने किया पौधरोपण का आवाहन

बस्ती। बहुजन समाज पार्टी नेता और बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार सचिन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की 135 जयंती पर यही संकल्प लेना है कि समाज के सभी वर्गो को शिक्षा का समान अवसर मिले। कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संघर्ष करो का जो नारा दिया था वह आज भी प्रासंगिक है। आज भी शिक्षा एक बड़ी चुनौती है। विधानसभा क्षेत्र में सम्पर्क के दौरान उन्होने देखा है कि अशिक्षा आज भी कायम है। गरीबी भी बड़ी चुनौती है।

## नगर पालिका करायेगी भीमराव अंबेडकर स्मारक स्थलों का निर्माण

बस्ती। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयन्ती अवसर पर अवस्थापना निधि से दो स्थलों पर नगर पालिका द्वारा भव्य भीमराव अंबेडकर स्मारक स्थल का निर्माण शुरू किये जाने की घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने किया।यह जानकारी देते हुये नगरपालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने बताया कि नगरपालिका परिषद बस्ती कार्यालय अंतर्गत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर स्थल एवं निर्मलीकुंड निकट बाबा साहब स्थल पर नई मूर्ति के साथ भव्य स्मारक के पुनर्निर्माण का कार्य प्रस्तावित है।भाजपा के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने बताया कि इन दोनों स्थलों पर नए तरह से निर्माण होगा जिसमें पुष्प पौधों के साथ साथ डिजाइनर लाइट की व्यवस्था रहेगी।अधिशाषी अधिकारी अंगद गुप्ता ने बताया कि स्थल निर्माण का कार्य अवस्थापना निधि से होगा । इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, प्रस्ताव पास करा कर जल्द ही निर्माण कराया जाएगा ।

## एकजुटता से पूरे होंगे बाबा साहब के संकल्प-लवकुश पटेल

बस्ती। बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लवकुश पटेल उर्फ रिंकू चौधरी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का काम कर रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। कहा कि एकजुटता से बाबा साहब के संकल्पों को पूरा करना होगा।बसपा नेता लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी लवकुश पटेल ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए और अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है,

जिससे व्यक्ति अपने अधिकारों को समझ सकता है और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकता है।उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाएं और सामाजिक समानता, भाईचारे और न्याय की भावना को मजबूत करें।लवकुश पटेल उर्फ रिंकू चौधरी ने कहा कि बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को तेज करते हुए लोगों के सुख–दुख में शामिल होते हैं।

# टेट के सवाल को लेकर शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूसः सौंपा ज्ञापन

## 3 मई को लखनऊ में होगी शिक्षकों की जुटान- उदयशंकर शुक्ल

बस्ती। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आवाहन पर सोमवार को टेट के सवाल को लेकर मशाल जुलूस निकाला गया। इसके पूर्व प्रेस क्लब सभागार में शिक्षकों की बैठक हुई जिसमें परसुरामपुर ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र दूबे के स्वागत के साथ ही संघर्ष की रणनीति पर विचार किया गया। टेट के सवाल पर शिक्षक प्रेस क्लब से हाथों में मशाल, मोमबत्ती और तख्तिया लिये शास्त्री चौक होते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उप जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के संयोजक उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक मशाल जुलूस में शामिल हुये । श्री शुक्ल ने कहा कि टेट की अनिवार्यता समाप्त किये जाने की मांग को लेकर शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष और यूपी के मुख्यमंत्री आदि को पाती भेजी गई। इसके बावजूद अभी तक कोई रचनात्मक पहल नहीं हुआ। मशाल जुलूस के बाद 3 मई को लखनऊ में आयोजित महारैली आयोजित किया गया है। उन्होने शिक्षकों का आवाहन किया कि अनिवार्य रूप से अपनी एकजुटता बनाये रखें जिससे टेट की समस्या का हल निकले।अटेवाके अध्यक्ष का तौआब अली, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अम्बिका पाण्डेय, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के अध्यक्ष अजय वर्मा ,टीएससीटी के अध्यक्ष प्रमोद ओझा, जर्नादन शुल, इजहारूल हक, आनन्द दूबे, दीपक सिंह प्रेमी, अभय सिंह यादव, राजकुमार सिंह, राजीव पाण्डेय, अभिषेक उपाध्याय, दिवाकर सिंह, इन्द्रसेन मिश्र, स्कन्द मिश्र, चन्द्रभान चौरसिया, राजेश चौधरी, शैल शुक्ल, रीता शुक्ला आदि ने अपने सम्बोधन में कहा कि संघर्ष से ही सफलता मिलेगी।यह जानकारी देते हुये प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि मशाल जुलूस में अनीता चन्द्रा, सुनीता चौधरी, शालिनी उपाध्याय, मारूफ अहमद, सतीश शंकर शुक्ल, रविन्द्रनाथ, सुनील पाण्डेय, सन्तोष शुक्ल, मो. सलाम, विकास पाण्डेय, लालेन्द्र कुमार, सुखराज गुप्ता, वैभव कन्नौजिया, चन्द्रिका सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

# भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त अभियान का आदेश

आजमगढ़ (आर एन एस)जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों के निस्तारण की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।विद्युत देयकों की वसूली में प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली की प्रगति बढ़ाने के सख्त निर्देश दिये। उन्होने कहा कि वसूली की प्रगति क्यों कम हुई, इसका कारण स्पष्ट करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निकायवार समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिया कि जनपद के सबसे बड़े 10 बकायेदारों के ऊपर कार्यवाही करते हुए वसूली सुनिश्चित करायी जाए। उन्होने खान निरीक्षक को निर्देश दिया कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन नही होना चाहिए। अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होने निर्देश दिया कि अवैध खनन पकड़े जाने की वीडियोग्राफीध्फोटोग्राफी भी कराई जाए तथा एआरटीओ से समन्वय कर वाहनों का चालान भी करायें।कृषि भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि तहसीलों में उपलब्धा भूमि के आधार पर भूमिहीन व्यक्तियों का सत्यापन कराकर नियमानुसार कृषि भूमि का पट्टा किया जाए। उन्होने सख्त निर्देश दिया कि खतौनी में नाम मिस्मैच की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए नाम सही कराने की नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि स्वामित्व योजना के अन्तर्गत प्रपत्र–7 जनरेट होने के बाद किसी भी स्तर पर कोई प्रकरण लम्बित नही रहना चाहिए।मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मृतक कृषकों को नियमानुसार निर्धारित अवधि में दुर्घटना का लाभ दिया जाए, इसमें किसी भी प्रकार से लापरवाही अथवा देरी नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि भू माफियाओं तथा अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि प्राप्त शिकायत के आधार पर टीम गठित कर जांच कराते हुए दोषी पाये जाने पर भू–माफिया घोषित कर कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि तहसीलवार सबसे बड़े भू–माफियाओं को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होने निर्देश दिया कि धारा 80 के प्रकरण को निर्धारित अवधि में गुणवत्तायुक्त निस्तारण किया जाए, कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दैवीय आपदाओं के कारण जितने भी किसानों के फसलों का नुकसान हुआ है, उनको प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित अवधि में भुगतान किया जाए। धारा 34 व धारा 67 के वादों के निस्तारण में प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिया कि निर्धारित अवधि में धारा 34 व 67 के वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। धारा 24, धारा 116, धारा 38, धारा 80 के वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित अवधि मे निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को भी प्राथमिकता के साथ पूरी करायें।

# आजमगढ़ के रमेश राजभर बने प्रदेश महासचिव (RTI), कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

आजमगढ़ (आर एन एस)जनपद के लिए गौरव और हर्ष का विषय उस समय बन गया, जब 12 अप्रैल 2026 को लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में अजय राय की गरिमामयी उपस्थिति में आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने जनपद आजमगढ़ के पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रमेश राजभर को प्रदेश महासचिव (आरटीआई) पद पर मनोनीत किया। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का मनोनयन पत्र प्राप्त होते ही पूरे जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई।रमेश राजभर का यह चयन उनके लंबे समय से किए जा रहे समर्पित संगठनात्मक कार्य, निष्ठा और जनसेवा के प्रति उनके अटूट संकल्प का परिणाम माना जा रहा है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है, जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस अवसर पर रमेश राजभर ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्वकृराष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा आरटीआई प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि वे राहुल गांधी के सिपाही के रूप में बिना डरे और बिना रुके पार्टी को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।रमेश राजभर के इस मनोनयन की खबर मिलते ही आजमगढ़ जनपद में बधाई देने वालों का तांता लग गया। पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रीय नागरिकों ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।निस्संदेह, रमेश राजभर का यह नया दायित्व न केवल उनके व्यक्तिगत राजनीतिक सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह आजमगढ़ में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने वाला साबित होगा।

# कांग्रेस ने पूर्व सांसद मोहसिना किदवई को श्रद्धांजलि अर्पित की

आजमगढ़, (आर एन एस)जिला कांग्रेस कमेटी, आजमगढ़ द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष मोहसिना किदवई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस क्रम में आज प्रातः 11रू30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय, आजमगढ़ में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय मोहसिना किदवई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को स्मरण किया।जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि "स्व. मोहसिना किदवई का निधन कांग्रेस पार्टी एवं देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में सदैव गरीबों, दलितों और कमजोर वर्गों की आवाज बुलंद की। उनका संघर्ष, समर्पण और सादगी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम उनके आदर्शों पर चलकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लेते हैं।" इस अवसर पर रियाजुल हसन, राहुल राय, चंद्रपाल सिंह यादव, गिरीश चंद्र चतुर्वेदी, नजम शमीम, मुन्नू यादव, बेलाल बेग, मो. आमिर, गोपाल कृष्ण राय, शीला भारती, जगदंबिका चतुर्वेदी, राम अवध प्रेमी, ओम प्रकाश सरोज, विवेक राय, केदार मौर्य, प्रदीप यादव, गुलाब राय, मंत्तराज यादव, प्रेमा चौहान, बृजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने नारी शक्तिवंदन सम्मेलन को किया संबोधित

आजमगढ़(आर एन एस)रूप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विज्ञान भवन, दिल्ली में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बैसाखी के शुभ अवसर पर और देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष समारोह से पूर्व संबोधित करते हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। मोदी ने कहा, भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, एक ऐसा निर्णय जो नारी शक्ति को समर्पित है।उपरोक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में भव्यतापूर्ण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, सीडीपीओ एवं भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।प्रधानमंत्री ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है, जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है।प्रधानमंत्री ने कहा, राज्य विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है।प्रधानमंत्री ने वर्ष 2023 में नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने का स्मरण करते हुए कहा कि इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति जताई थी कि इसे हर हाल में 2029 तक क्रियान्वित किया जाना चाहिए। मा0 प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी से हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ हो। इसके लिए संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र 16 अप्रैल से आरंभ होगा। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास और प्राथमिकता यह है कि यह कार्य संवाद, सहयोग और भागीदारी के माध्यम से पूरा किया जाए, जिससे संसद की गरिमा बढ़ेगी।इस मुद्दे पर महिलाओं के बीच व्याप्त राष्ट्रव्यापी उत्साह की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर की महिलाएं विधानसभाओं और लोकसभा तक पहुंचने की अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त कर रही हैं। उनके सपनों को नई उड़ान मिली है और देश में सकारात्मक माहौल का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री ने सभी महिलाओं से इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने और अपने सांसदों से मिलकर अपने विचार और अपेक्षाएं साझा करने का आग्रह कियाप्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान सभा तक महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र भारत की नींव रखने में नारी शक्ति की असीम भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधित्व के अवसर प्राप्त करने वाली महिलाओं ने राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री तक, महिलाएं इतने महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं।

# प्रफुल्ल की सफलता की कहानी पिता के विश्वास और मैकग्रा 'कनेक्शन' ने निभाई अहम भूमिका

दरअसल हिंगे परिवार को यह भी नहीं पता था कि उनका बेटा सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगा या नहीं। प्रकाश हिंगे खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पदार्पण मैच में ही शानदार प्रदर्शन करने वाले उनके बेटे प्रफुल्ल की उपलब्धि का जश्न मनाते समय वह अपने शब्दों के चयन और उत्साह की अभिव्यक्ति में बहुत संयम बरतते हैं। प्रकाश हिंगे खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पदार्पण मैच में ही शानदार प्रदर्शन करने वाले उनके बेटे प्रफुल्ल की उपलब्धि का जश्न मनाते समय वह अपने शब्दों के चयन और उत्साह की अभिव्यक्ति में बहुत संयम बरतते हैं। दरअसल हिंगे परिवार को यह भी नहीं पता था कि उनका बेटा सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगा या नहीं।अकाउंटेंट के पद पर काम कर चुके प्रकाश ने पीटीआई से कहा, ''हमें पता था कि इम्पैक्ट प्लेयर्स की सूची में होने के कारण उसे पंजाब के खिलाफ खेलना था। हम उससे कभी नहीं पूछते कि वह खेल रहा है या नहीं। वह सोने से पहले हर दिन रात 10 बजे फोन करता है। हमारे बीच बस सामान्य बातचीत होती है जैसे खाना खाया।'' उन्होंने कहा, ''कल जब मैच का प्रसारण शुरू हुआ तो हमने टीवी पर देखा कि वह पदार्पण करेगा। इसलिए हम खुश थे।''मैच आगे बढ़ने के साथ उनकी खुशी भी बढ़ने लगी क्योंकि प्रफुल्ल ने अपने शुरुआती स्पेल में दो ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिए और सनराइजर्स की 57 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। नागपुर के रहने वाले प्रकाश ने उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने बेटे प्रफुल्ल की क्रिकेट में रुचि को देखते हुए उसे स्थानीय जिमखाना क्लब में दाखिला दिलाया था। तब वह लगभग 13 साल का था।प्रकाश ने कहा, ''मैं अपने मोहल्ले की गलियों में खेलता था। मेरे बेटे को इसमें रुचि थी, इसलिए मैंने उसे एक स्थानीय अकादमी में दाखिला दिला दिया। मैंने उसे जरूर संतुलन बनाए रखने के लिए कहा लेकिन साथ ही मैं उसे अपना रास्ता चुनने की स्वतंत्रता भी देना चाहता था।'' एक बार जब प्रफुल्ल विदर्भ की अंडर–16 टीम में शामिल हो गए, तो फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रशांत वैद्य ने प्रफुल्ल को चेन्नई स्थित एमआरएफ पेस फाउंडेशन में भेजने की सलाह दी।प्रकाश ने कहा, ''वीसीए के साथ रहे पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रशांत वैद्य सर ने सुझाव दिया था कि प्रफुल्ल को एमआरएफ पेस अकादमी में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेना चाहिए।'' प्रफुल्ल को इस बीच पीठ की चोट से भी



जूझना पड़ा लेकिन जल्द ही वह फिट हो गए। एमआरएफ पेस फाउंडेशन के कोच एम सेंथिलनाथन और वरुण आरोन (जो अब सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच हैं) ने उनकी प्रतिभा को निखारा। इसके बाद उन्होंने अंडर–23 और सीनियर विदर्भ टीम के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया।उनके पिता ने कहा, ''मैं एमआरएफ पेस फाउंडेशन, सेंथिल सर, वरुण सर का जितना भी आभार व्यक्त करूं, वह कम होगा। अगर वह आईपीएल के इस मुकाम तक पहुंचा है, तो इसका श्रेय उन्हीं को जाता है। ग्लेन मैकग्रा ने भी प्रफुल्ल का हौसला बढ़ाया और वह हाई परफॉर्मेंस कोच से प्रशिक्षण लेने के लिए ब्रिस्बेन गया।'' जब सेंथिलनाथन से पूछा गया कि उन्होंने पेस फाउंडेशन के साथ प्रफुल्ल के सफर की योजना कैसे बनाई, तो उन्होंने कहा, ''जब वह 2023 में हमारे पास आया तो उसकी पीठ में खिंचाव की समस्या थी और हमने सबसे पहले उसी का इलाज किया। उसकी लाइन और लेंथ बहुत अच्छी है। लेकिन इसका पूरा फायदा उठाने के लिए हमें उसकी फिटनेस पर काम करने की जरूरत थी।''उन्होंने कहा, ''इसके बाद हमने उसकी गेंदबाजी पर काम किया। यह छह महीने का कार्यक्रम था। हमने उसे 2023 के घरेलू सत्र के लिए फिट और तैयार किया। उसने अच्छा प्रदर्शन किया।'' तमिलनाडु के इस पूर्व बल्लेबाज ने इसके लिए फाउंडेशन के कोचिंग निदेशक और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मैकग्रा को श्रेय दिया, जिन्होंने प्रफुल्ल की मदद की थी। उन्होंने कहा, ''रणनीतिक पक्ष की बात करें तो मैकग्रा शायद दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं।

# विजडन पुरस्कारों में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, 9 में से 7 अवार्ड अपने नाम किए

विजडन अल्मनैक 2026 अवार्ड में भारतीय क्रिकेटरों ने अपना दबदबा बनाया है। इन पुरस्कारों में 9 में से 7 तो भारतीय खिलाड़ियों के नाम हैं। इनमें दीप्ति शर्मा को वर्ष की महिला क्रिकेटर और अभिषेक शर्मा को वर्ष का टी20 क्रिकेटर चुना गया।भारतीय क्रिकेटरों ने विजडन अल्मनैक 2026 अवार्ड में अपना दबदबा बनाया है। इन पुरस्कारों में 9 में से 7 तो भारतीय खिलाड़ियों के नाम हैं। इनमें दीप्ति शर्मा को वर्ष की महिला क्रिकेटर और अभिषेक शर्मा को वर्ष का टी20 क्रिकेटर चुना गया।शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा को पिछले साल इंग्लैंड में हुई टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के कारण विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटरों में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेटरों के अलावा जिन अन्य देशों के खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है उनमें ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क



शामिल हैं जिन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया। उनके अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज हसीब हमीद थे को भी चार भारतीय खिलाड़ियों के साथ वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में भी शामिल किया गया है। दीप्ति को ये सम्मान पिछले साल आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में 22 विकेट लेने के लिए दिया गया। इस ऑलराउंडर के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने मुंबई में खेले गए फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। दीप्ति ने 9 मैचों में 3 अर्धशतक की मदद से 215 रन भी बनाए थे। इसके अलावा अभिषेक शर्मा ने 2025 के सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस सत्र में उन्होंने 21 मैचों में 193 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। पिछले साल टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड के दौरे के दौरान भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने बेहतरीन फॉर्म दिखाते हुए 754 रन बनाए और पांच मैचों की सीरीज को 2–2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई।

# बदल गया IPL 2026 का शेड्यूल! BCCI ने जारी किए बदले हुए मैचों के वेन्यू

दरअसल, अहमदाबाद के आगामी नगर निगम चुनाव को देखते हुए आईपीएल 2026 के दो मैचों के वेन्यू और समय में बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने जानकारी देकर बताया है कि अहमदाबाद के नगर निगम चुनावों के चलते 26 अप्रैल, 2026 के दिन होने वाला चेन्नई सुपर किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस मैच अब चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।आईपीएल 2026 के शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया है। दरअसल, अहमदाबाद के आगामी नगर निगम चुनाव को देखते हुए आईपीएल 2026 के दो मैचों के वेन्यू और समय में बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने जानकारी देकर बताया है कि अहमदाबाद के नगर निगम चुनावों के चलते 26 अप्रैल, 2026 के दिन होने वाला चेन्नई सुपर किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस मैच अब चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। 26 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात



टाइटंस का मैच अहमदाबाद में होने वाला था। लेकिन 26 अप्रैल को होने वाले नगर निगम चुनावों के कारण इसका वेन्यू बदलकर चेन्नई कर दिया गया है। 26 अप्रैल को ये मैच दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। दूसरी ओर 21 मई को इन्हीं दोनों टीमों का मैच चेन्नई में खेला जाना था लेकिन उसका वेन्यू अब अहमदाबाद हो गया है। 21 मई को चेन्नई बनाम गुजरात मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# राजस्थान रायल्स से हार पर रियान पराग ने तोड़ी चुप्पी, बोले- कई कारणों से गंवाया IPL का अहम मैच

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार के लिए कई कारणों को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें बल्लेबाजों का गेंद की गति को न समझ पाना प्रमुख था। पराग के अनुसार, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ी गेंद के रुककर आने के कारण अपने शॉट सही से नहीं खेल पाए, जो हार का एक बड़ा कारण बना। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा कि उनकी टीम की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों सत्र की पहली हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे जिनमें उनके विस्फोटक बल्लेबाजों का गेंदों की गति को समझने में नाकाम रहना भी शामिल है। गेंदबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल पहले ओवर में ही पवेलियन लौट गए जिससे रॉयल्स की टीम को 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। पराग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि हमारी हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे। गेंद हाथ से



निकलने के बाद जिस गति से आ रही थी उसे देखकर हम थोड़े हैरान रह गए थे।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वैभव को गेंद के थोड़ा तेज गति से आने की उम्मीद थी लेकिन वह रुककर आई। ध्रुव के साथ भी ऐसा ही हुआ, गेंद अंदर की ओर मुड़ी। जायसवाल 10 में से नौ बार ऐसा शॉट मारता है लेकिन इस बार गेंद रुककर उनके पास पहुंची थी।'' पराग ने कहा, ''मुझे बहुत ही फुललेंथ गेंद मिली और मैं उसे हिट नहीं कर पाया। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम बदकिस्मत थे, लेकिन कई ऐसे कारण थे जिससे हम अपने शॉट सही तरह से नहीं लगा पाए।'' इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने कहा कि उनके गेंदबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए।उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने अच्छी शुरुआत की थीलेकिन फिर बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। मुझे लगता है कि हम बेहतर विकल्प ढूंढ सकते थे, विकेट का थोड़ा और इस्तेमाल कर सकते थे, धीमी गेंदों का अधिक उपयोग कर सकते थे, शायद धीमी बाउंसर, वाइड यॉर्कर या जो भी हो।''पराग ने सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, ''दस साल बाद वह मेरी उम्र का हो जाएगा, इसलिए मुझे नहीं पता कि इतनी दूर की कल्पना कैसे की जाए, लेकिन अभी के लिए मुझे उम्मीद है कि वह वास्तव में अच्छी मानसिक स्थिति में होगा। उम्मीद है कि वह बहुत जल्द भारत के लिए खेलेगा।

# चहल ने मेरे साथ.., युजवेंद्र चहल पर एक्ट्रेस ने लगाया ये आरोप!

युजवेंद्र चहल आईपीएल 2026 के बीच एक नए विवाद में फंस गए हैं। दरअसल, गंदी बात फेम एक्ट्रेस तानिया चटर्जी ने सरेआम अपना इंस्टाग्राम डीएम दिखाकर चहल पर क्यूट कमेंट करने पर आरोप लगाया है। ध नश्री वर्मा से तलाक के बाद एक्ट्रेस के इस खुलासे ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। भारतीय क्रिकेट के स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल आईपीएल 2026 के बीच एक नए विवाद में फंस गए हैं। दरअसल, गंदी बात फेम एक्ट्रेस तानिया चटर्जी ने सरेआम अपना इंस्टाग्राम डीएम दिखाकर चहल पर क्यूट कमेंट करने पर आरोप लगाया है। ध नश्री वर्मा से तलाक के बाद एक्ट्रेस के इस खुलासे ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। जहां फैंस अब



चहल के कैरेक्टर पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं। तानिया ने सरेआम अपना मोबाइल कैमरे के सामने रखकर चहल के साथ हुई निजी बातचीत का खुलासा किया है। जिसके बाद क्रिकेटर को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक्ट्रेस तानिया चटर्जी पैपराजी के सामने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट दिखाती नजर आ रही हैं। तानिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि चहल ने उन्हें सीधा मैसेज किया और उनकी एक फोटो पर क्यूट कमेंट किया। वीडियो में तानिया मुस्कुराते हुए अपना फोन दिखा रही हैं। जब फोटोग्राफर्स ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने जवाब दिया तो तानिया ने कहा कि यार, मैंने मैसेज बहुत देर से देखा। उन्होंने ये भी कहा कि क्यूट बोलना एक सामान्य बात है और उन्हें कई लोग ऐसा कहते हैं।

# हार्दिक पांडया की एक गलती मुम्बई इण्डिया को पड़ी भारी? आश्विन ने उठाए कप्तानी पर गंभीर सवाल

रविचंद्रन अश्विन ने मुंबई की हार के लिए हार्दिक पांड्या की कप्तानी को जिम्मेदार ठहराया है, खास तौर पर रजत पाटीदार की आक्रामक बल्लेबाजी के बावजूद उनके सामने स्पिनर को लाने का फैसला। यह रणनीतिक भूल मुंबई की हार का अहम कारण बनी, जिससे साबित होता है कि टी20 में मैदान पर लिए गए फैसले कितने महत्वपूर्ण होते हैं। आईपीएल में मुंबई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला हमेशा रोमांचक माना जाता है, लेकिन इस बार का मैच एकतरफा नजर आया। बेंगलुरु की टीम ने मुंबई को जिस तरह से हराया, उसने टीम संयोजन और कप्तानी को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।बता दें कि इस मुकाबले में मुंबई की हार के बाद पूर्व स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने खुलकर अपनी राय रखी है। उन्होंने खास तौर पर कप्तान हार्दिक पांड्या के फैसलों पर सवाल उठाए हैं।मौजूद जानकारी के अनुसार, अश्विन का मानना है कि बेंगलुरु के बल्लेबाज रजत पाटीदार के खिलाफ गलत गेंदबाजी विकल्प चुनना मुंबई के लिए भारी पड़ गया। उन्होंने कहा कि पाटीदार पहले ही स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं इसके बावजूद



उन्हें स्पिन के सामने खेलने का मौका दिया गया।गौरतलब है कि अश्विन ने पिछले सीजन के एक मुकाबले का भी जिक्र किया, जहां पाटीदार ने स्पिन गेंदबाजों की जमकर धुनाई की थी। इसके बावजूद मुंबई ने उसी रणनीति को दोहराया, जिसका फायदा बल्लेबाज ने फिर से उठाया। इस मैच में जब पाटीदार क्रीज पर आए तो तुरंत स्पिन गेंदबाज को आक्रमण में लगाया गया। नतीजा यह हुआ कि उन्होंने लगातार बड़े शॉट खेलते हुए रन गति को तेजी से बढ़ा दिया। खासकर एक ओवर में लगातार तीन छक्के लगाकर उन्होंने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।अश्विन ने साफ कहा कि यह फैसला समझदारी भरा नहीं था और इससे टीम को बड़ा नुकसान हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित गेंदबाज ने अपने दो ओवर में ही 40 रन खर्च कर दिए, जो मैच के परिणाम में अहम साबित हुआ।मौजूद आंकड़े बताते हैं कि मुंबई के स्पिन गेंदबाजों ने कुल मिलाकर काफी महंगे ओवर डाले। दूसरे स्पिनर ने भी चार ओवर में 40 से ज्यादा रन दे दिए। कुल मिलाकर स्पिन विभाग ने ही 80 से अधिक रन खर्च किए, जिससे विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद मिली। गौरतलब है कि टी20 जैसे तेज प्रारूप में सही समय पर सही गेंदबाज का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर बल्लेबाज की ताकत के हिसाब से रणनीति न बनाई जाए तो मैच हाथ से निकल सकता है।

# एक्पोर्ट धीमा, इम्पोर्ट ने तोड़ा नवंबर 2021 का रिकार्ड

असल में हॉर्मुज जलडमरू मध्य में चल रही उथल–पुथल की वजह से सामान लाने–ले जाने का खर्च, कच्चा माल और एनर्जी की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। हालांकि, जानकारों का मानना है कि चीन अपने बड़े घरेलू बाजार और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम की बदौलत इस संकट को अन्य देशों के मुकाबले बेहतर तरीके से झेल लेगा। ईरान युद्ध के झटकों की वजह से चीन की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। मार्च के महीने में चीन के निर्यात (एक्सपोर्ट) की रफ्तार सुस्त पड़ गई है, जबकि आयात (इंपोर्ट) में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। असल में हॉर्मुज जलडमरूमध्य में चल रही उथल–पुथल की वजह से सामान लाने–ले जाने का खर्च, कच्चा माल और एनर्जी की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। हालांकि, जानकारों का मानना है कि चीन अपने बड़े घरेलू बाजार और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम की बदौलत इस संकट को अन्य देशों के मुकाबले बेहतर तरीके से झेल लेगा। चीन के सीमा शुल्क विभाग (कस्टम विभाग)



द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में चीन का निर्यात पिछले साल के मुकाबले 2.5 प्रतिशत बढ़कर 321.03 अरब डॉलर रहा, जो अर्थशास्त्रियों के 4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। वहीं, दूसरी तरफ आयात में 27.8 प्रतिशत का बड़ा उछाल आया है, जो नवंबर 2021 के बाद सबसे ज्यादा है। यह आयात 269.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि जानकारों ने सिर्फ 5. 62 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अंदाजा लगाया था। इस बढ़त के साथ चीन का मासिक व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) 51.1 अरब डॉलर रहा।आयात में आए इस बड़े उछाल की मुख्य वजह कच्चे माल (कमोडिटी) की कीमतों का बढ़ना है। उदाहरण के तौर पर, तांबे (कॉपर) के आयात की कीमत पिछले साल के मुकाबले करीब 67 प्रतिशत बढ़ गई है, जबकि इसकी मात्रा (वॉल्यूम) में केवल 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी तरह, अनगढ़े तांबे और उससे बने उत्पादों के आयात की वैल्यू भी 21 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि हकीकत में इनकी मंगाने वाली मात्रा में 11 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सीधी बात यह है कि चीन को अब कम सामान के लिए भी बहुत ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। आयात पिछले महीने 27.8 प्रतिशत बढ़ा जो इस वर्ष के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर 19.8 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ईरान के साथ जारी युद्ध के प्रभाव से इस वर्ष चीनी निर्यात की समग्र वैश्विक मांग प्रभावित हो सकती है। फ्रांसीसी बैंक नैटिक्सिस के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री गैरी एनजी ने कहा कि ईरान युद्ध के वैश्विक मांग और आपूर्ति शृंखलाओं पर असर पड़ने के कारण चीन के निर्यात में गिरावट आई है। बैंक ऑफ अमेरिका की प्रबंध निदेशक हेलेन कियाओ के नेतृत्व में अर्थशास्त्रियों ने एक हालिया शोध पत्र में लिखा कि जनवरी और फरवरी में चीन के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा संकट के कारण मांग में कमी आने के आसार हैं। विश्लेषक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मई में प्रस्तावित बीजिंग यात्रा पर भी करीबी नजर रख रहे हैं ।

# निखिल सिद्धार्थ की फिल्म स्वयंभू का पहला गाना रा रा धीवरा की रिलीज डेट अनाउंस, नया पोस्टर भी आउट

कार्तिकेय 2 की देशव्यापी सफलता के बाद, निखिल सिद्धार्थ अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी पैन–इंडिया प्रोजेक्ट, स्वयंभू की रिलीज के लिए कमर कस रहे हैं। भारत कृष्णमाचारी द्वारा निर्देशित और पिक्सेल स्टूडियोज के भुवन और श्रीकर द्वारा निर्मित, जिसे टैगोर मधु प्रस्तुत कर रहे हैं, स्वयंभू को एक भव्य पैमाने की पीरियड एक्शन फिल्म के तौर पर बनाया गया है।

फिल्म का संगीत रवि बसरूर ने तैयार किया है, और निर्माताओं ने घोषणा की है कि इसका पहला गाना, रा रा धीवरा, 16 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। यह घोषणा एक जबरदस्त पोस्टर के साथ की गई, जिसमें निखिल एक भयंकर योद्धा के अवतार में नजर आ रहे हैंय वे एक घने जंगल में खड़े हैं और पूरी एकाग्रता के साथ भाला फेंकने के लिए तैयार हैं। यह पोस्टर इस बात का संकेत देता है कि रा रा धीवरा देखने में बेहद शानदार होगा और इसे एक भव्य पैमाने पर फिल्माया गया है।स्वयंभू का टीजर, जो कुछ समय पहले रिलीज हुआ था, उसे इसके भव्य पैमाने, शानदार विजुअल्स और इसकी दुनिया के बेहतरीन निर्माण के लिए जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इस जबरदस्त प्रतिक्रिया ने पूरे भारत के दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर उम्मीदें बहुत बढ़ा दी हैं। निखिल ने स्वयंभू के लिए लगभग दो साल समर्पित किए हैं, और इस किरदार को पूरी तरह से निभाने के लिए उन्होंने काफी ज्यादा शारीरिक मेहनत की है। संयुक्ता और नाभा नटेश फिल्म में मुख्य महिला किरदार निभा रही हैं, जिससे इस ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा में और भी ज्यादा स्टार पावर जुड़ गई है।

स्वयंभू अपनी भव्य सोच के अनुरूप एक बेहतरीन टेक्निकल टीम को साथ लाती है। इसकी सिनेमैटोग्राफी केके सेंथिल कुमार ने की है, संगीत रवि बसरूर ने दिया है, और प्रोडक्शन डिजाइन एम



प्रभाकरन और रवींद्र ने किया है। फिल्म का संपादन तम्मीराजू ने किया है, इसके डायलॉग विजय कामिसेट्टी ने लिखे हैं और गीत रामजोगय्या शास्त्री ने लिखे हैं। एक्शन सीक्वेंस का कोरियोग्राफी किंग सोलोमन और स्टंट सिल्वा ने की है, जो एक जबरदस्त ऐतिहासिक लड़ाई का वादा करते हैं।

# द वार्डरोब का दिलचस्प फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी, रिलीज डेट 24 अप्रैल घोषित

राज गवाली प्रोडक्शन ने अपनी अपकमिंग फिल्म श्द वार्डरोब्य का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है। सौरभ चौबे के निर्देशन में तैयार इस सुपरनैचुरल थ्रिलर–हॉरर फिल्म में दिव्या अग्रवाल और रजनीश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में हैं। द वॉर्डरोब के पोस्टर में डरावना और रहस्यमयी माहौल साफ झलकता है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। फर्स्ट लुक पोस्टर में एक पुरानी लकड़ी की अलमारी दिखाई गई है, जो आधी खुली हुई है। अलमारी पर बेलें लिपटी हुई हैं और अंदर से लाल रोशनी निकल रही है। खून से सनी सफेद पोशाक पहने एक रहस्यमयी महिला की आकृति बाहर झांकती नजर आ रही है। धुंधला और छायादार बैकग्राउंड सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करता दिख रहा है। पोस्टर के नीचे फिल्म का टाइटल गहरे लाल रंग में लिखा है, जो हॉरर थीम को मजबूती देता है। साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट 24 अप्रैल भी घोषित कर दी है। फिल्म में दिव्या अग्रवाल रजनीश के साथ लीड रोल में हैं। वह पहले बिग बॉस ओटीटी और एमटीवी एस ऑफ स्पेस की विजेता रह चुकी हैं। दिव्या ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक्टर के तौर पर बहुत चुनौतीपूर्ण रही। कहानी बेहद रोमांचक और रहस्य से भरी है। मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे थिएटर में बड़े पर्दे पर देखें और महसूस करें। अभिनेता रजनीश दुग्गल ने स्क्रिप्ट की तारीफ करते हुए कहा, जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, लगा कि इसमें कुछ अलग और खास है। यह सस्पेंस, साइकोलॉजिकल एलिमेंट्स और सुपरनैचुरल का अनोखा मिश्रण चाहते थे कि फर्स्ट लुक पोस्टर से ही इसकी इंटेंसिटी और रहस्य



की झलक मिले। सह–निर्माता राज गवाली के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रोजेक्ट को तैयार किया है। फिल्म की कहानी एक पुरानी अलमारी के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसमें छिपे राज दर्शकों को सस्पेंस में रखेंगे।

है। पोस्टर सिर्फ एक झलक है, पूरी कहानी और भी दिलचस्प है। निर्माता ज्योति राज गवाली ने बताया, द वार्डरोब सिर्फ डराने वाली फिल्म नहीं है। यह उन रहस्यों की कहानी है जो इंसान की जिंदगी बदल सकते हैं। हम

# धुरंधर 2 ने 24वें दिन भी उड़ा दिए गर्दे, बाक्स आफिस हुई पैसों की बारिश

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधार 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा बनाया हुआ है. फिल्म ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. चौथे शनिवार को भी फिल्म ने शानदार कलेक्शन किया.सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 24वें दिन यानी चौथेन शनिवार को 13.50 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म की कमाई में ग्रोथ देखने को मिली. शुक्रवार को जहां फिल्म ने 7 करोड़ कमाए थे अब शनिवार को फिल्म उससे डबल कमाई की है. फिल्म को 24.3 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. बता दें कि फिल्म के 24 वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने शनिवार को 13.50 करोड़ की कमाई कर ली है तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 1068.92 करोड़ हो गया है.बता दें कि फिल्म ने पेड प्रिव्यूज में 43 करोड़ कमाए थे. वहीं पहले दिन 102.55 करोड़ का कलेक्शन किया था. पहले हफ्ते में फिल्म ने 674.17 करोड़ कमाए. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 263.65 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 110.60 करोड़ का कलेक्शन किया. मालूम हो कि फिल्म ने दुनियाभर में 1691.30 करोड़ का कलेक्शन कर



लिया है. ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 411.5 करोड़ कमाए. फिल्म ने 1279. 80 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 1068.92 करोड़ का नेट कलेक्शन किया.फिल्म की बात करें तो इसे आदित्य धर ने बनाया है. फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं. फिल्म में संजय दत्त, आर माधवन, सारा अर्जुन और अर्जुन रामपाल जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं. फिल्म में राकेश बेदी को भी खास रोल मिला है. हर तरफ फिल्म की चर्चा हो रही है. फिल्म दो पार्ट में रिलीज हुई है. पहला पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ था. पहले पार्ट में अक्षय खन्ना लाइमलाइट में आ गए थे. फिल्म में वो रहमान डकैत के रोल में थे. इस फिल्म ने दुनियाभर में 1300 करोड़ की कमाई की थी.

# कल्कि संभल का दूसरा पोस्टर जारी, 1978 दंगों के पीड़ित सेठ बनवारी के रूप में दिखे रजनीश दुग्गल

संभल के इतिहास से जुड़ी एक सकरदार को अभिनेता रजनीश दुग्गल निभा रहे हैं। इस भूमिका के जरिए मेकर्स उस दौर की त्रासदी और आम लोगों पर टूटे हिंसा के कहर को दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।दूसरा पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कुछ लोग इसे इतिहास के उस हिस्से को सामने लाने की कोशिश बता रहे हैं, जिसे वक्त के साथ भुला दिया गया। वहीं, कुछ वर्ग फिल्म की मंशा और इसके संभावित असर को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं।गौरतलब है कि इससे पहले फिल्म के पहले पोस्टर को लेकर भी राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर काफी विवाद हुआ था। फिल्म के निर्माण और इसके विषय को लेकर



बयानबाजी तेज हो गई थी, जो अब दूसरे पोस्टर के बाद फिर से चर्चा में आ गई है।

# फिल्म मर्सी का ट्रेलर जारी, मां को बचाने में एक बेटे की जद्दोजहत कर देगी भावुक

आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत



फिल्म मर्सी का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने मर्सी के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है।मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहत करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है। आदिल ने आध्यात्मिक सलाहकार फादर जोएल का किरदार निभाया है। कुल मिलाकर यह फिल्म एक परिवार को उसके प्रियजन से बिछड़ने के नाजुक पलों को दिखाने आ रही है।

# मृणाल ठाकुर-अदिवी शेष की फिल्म डकैत ने दूसरे दिन किया धमाल, कर लिया इतना बाक्स आफिस कलेक्शन

मृणाल ठाकुर और अदिवी शेष की फिल्म डकैत 10 अप्रैल को रिलीज हुई है. फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर. सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 7 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म को 28.5 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली है. फिल्म 3,734 शोज पर रिलीज हुई है. फिल्म दो भाषा में रिलीज हुई है. दूसरे दिन हिंदी में फिल्म ने 1. 4 करोड़ और तेलुगू में फिल्म ने 5.6 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े ऑफिशियली सामने नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने दूसरे दिन 7 करोड़ की कमाई कर ली है तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 13.55 करोड़ हो गया है. बता दें कि फिल्म ने दिन 6.55 करोड़ का कलेक्शन किया है. पहले दिन फिल्म 3800 शोज पर रिलीज हुई. फिल्म को ओवरसीज मार्केट में शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में 9 करोड़ का बिजनेस कर लिया है. फिल्म का दुनियाभर में टोटल ग्रॉस 24.81 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म की बात करें तो इसे शैनील देव ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप जैसे स्टार्स लीड रोल में हैं. ये एक एक्शन–रोमांटिक ड्रामा है. फिल्म पहले 19 मार्च में रिलीज होने वाली थी. लेकिन धुरंधर 2 के चलते फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया था. अब 10 अप्रैल को फिल्म रिलीज हो गई है. इस फिल्म में मृणाल और अदिवी की लव स्टोरी दिखा गई.डकैत को पॉजिटिव रिव्यूज मिल रहे हैं. सुपरस्टार नानी ने भी फिल्म की तारीफ की. उन्होंने लिखा, सच ब्लॉकबस्टर. डकैत क्या फिल्म है. फिल्म के थिएट्रिकल एक्सपीरियंस को मिस मत कीजिए. अदिवी शानदार हैं ।



# कार्तिक आर्यन की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं? नागजिला से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री

अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म नागजिला को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के



लिए पूरी तरह तैयार हैं। कौन हैं प्रीति मुकुंदन, आइए जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है। प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर–कॉमेडी फिल्म ओम भीम बुश से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म स्टार के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा।

# ईशा सिंह निभाएंगी आटिस्टिक लड़की की भूमिका, जानिए एक्ट्रेस के अपकमिंग शो से जुड़ी पूरी डिटेल

ईशा सिंह और विजयेंद्र कुमेरिया की जोड़ी जल्द ही एक नए सीरियल में नजर आने वाली है.इनके अपकमिंग सीरियल का नाम है जूही. हालांकि, चौनल ने अभी प्रोजेक्ट को लेकर कोई भी डिटेल आउट नहीं किया है. रिपोर्ट के अनुसार इस सीरियल में एक नई और इमोशनल कहानी को दिखाई जाएगी, जिसमें ईशा सिंह और विजयेंद्र कुमेरिया अहम भूमिका में नजर आएंगे.इस शो के जरिए बॉलीवुड एक्टर संजय सूरी भी टीवी पर डेब्यू करने जा रहे हैं, इस वजह से भी ये नया सीरियल चर्चा में बना



हुआ है. रिपोर्ट के अनुसार वो इस शो में जूही के पिता की भूमिका में नजर आएंगे. जो शो की कहानी में एक अलग ही ट्विस्ट लेकर आएंगे.रिपोर्ट के अनुसार इस सीरियल का प्रीमियर आईपीएल के बाद होगा.शो को लेकर अभी से ही दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है.रिपोर्ट के अनुसार इस शो की कहानी जूही नाम की एक ऑटिस्टिक लड़की के इर्द–गिर्द घूमेगी, जिसका कैरेक्टर ईशा सिंह प्ले करने वाली हैं.शो की कहानी जूही की जर्नी पर बेस्ड होगी, वो एक ऐसे दुनिया में खुद को संभालती हुई नजर आएगी, जो उसे समझ ही नहीं पाती है.शो में उसकी चुनौतियों और उसकी ताकत दोनों को दिखाया जाएगा.उम्मीद की जा रही है कि ईशा सिंह अपने रोल को बहुत ही संसेटिव तरीके से निभाएंगी.साथ ही ऑटिस्टिक लड़के के कैरेक्टर और उसकी भावनाओं को खूबसूरती के साथ स्क्रीन पर पेश करेंगी.

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।